CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा स्मार्टफोन व बढ़ेगा मानदेय पेज 2




आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीनस्वीप खेल टाइम्स



इजरायल: विश्व शांति के लिए खतरा सम्पादकीय



नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत पेज 12

## 1987 के बाद जन्मे लोगों को दिखाने होंगे दस्तावेज

### देश के आधे से ज्यादा वोटर्स से पेपर नहीं मांगेंगे, SIR पर चुनाव आयोग ने पेश की सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान देश के ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं।




■ चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ कराना चाहता है एसआईआर

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि हर राज्य में पिछली बार एसआईआर अलग-अलग सालों में हुआ था। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। उदाहरण के लिए बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60 फीसदी) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40फीसदी) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया। दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची 2008 की है और उत्तराखंड की 2006 की, जो अब राज्य के सीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं, एक जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा।

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने के दो आरोपी मारे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर में फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार शाम को

■ मुठभेड़ के दौरान पुलिस की लगी गोली

बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से रोहतक का रहने वाला रविंद्र और इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड सोनीपत का रहने वाला अरुण घायल हुए थे। उनके पास से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल बरामद की गई है। दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सक्रिए सदस्य थे। आरोप है कि उन्होंने 12 सितम्बर को अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था।

### रेल ट्रैक पर स्लीपर रखकर नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

**रायबरेली।** प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। स्लीपर ट्रेन के इंजन से टकराकर टूट गया। लोको पायलट ने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। इस पर मौके पर पहुंची ऊंचाहार जीआरपी ने पड़ताल की। करीब बीस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, उसके बाद ऊंचाहार स्टेशन पर इंजन की जांच की गई और फिर ट्रेन सहारनपुर के लिए रवाना हुई। मंगलवार रात करीब 8 बजे नौचंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से सहारनपुर जा रही थी।

### लोकतांत्रिक देशों के नेताओं में लोकप्रियता में सबसे ऊपर हैं मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत उनके व्यक्तित्व को ऐसा करिश्माई बना देती है, जिसके कारण वह पिछले 11 साल से लगातार विशाल और विविधतापूर्ण भारत के प्रधानमंत्री हैं और लोकत्रांत्रिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में सबसे ऊपर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्री मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं।

### पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन: राहुल गांधी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिये पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।

### महाराष्ट्र में दो महिला नक्सली ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटॉपल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आहेरी) सत्य साई कार्तिक की देखरेख में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसमें आहेरी से पांच सी-60 कमांडो यूनिट, गट्टा जांभिया पुलिस पोस्ट के जवान और सीआरपीएफ की 191 बटालियन की कंपनी शामिल थी। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, दो महिला नक्सलियों के शव मिले।

## पाक को घुटनों पर लाए हैं हम: मोदी

### कहा: भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता

धार, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने प्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं की सौगात भी प्रदेश की जनता को दी। करीब 40 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, पाकिस्तान, स्वास्थ्य, विकास, गरीबी और स्वदेशी पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और उसे अपनाने पर जोर दिया।

देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और अपनाने पर जोर दिया



उन्होंने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो खरीदें, उसमें किसी न किसी हिंदुस्तानी का पसीना होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2047 विकसित भारत बनाना है, जिसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है। उन्होंने गर्व से कहो, ये स्वदेशी है का नारा भी लोगों से लगवाया। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परणामु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया।

### मोदी की मां का एआई वीडियो हटाने का कांग्रेस को कोर्ट ने दिया आदेश

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए उनकी मां पर एक एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया था। पटना हाईकोर्ट ने इस वीडियो को लेकर कांग्रेस को निर्देश दिया है कि वह वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा ले। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंतरी की अदालत ने यह निर्देश दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने एआई के जरिये जो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, उसमें दिखाया गया था कि पीएम मोदी की मां उनके सपनों में आती है और उनसे बात करती है। भाजपा ने कांग्रेस के इस वीडियो पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई थी। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो पर कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पीएम मोदी की मां का अपमान कर रही है।

### कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया अब पता चल गया : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत- पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।

### पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## किसान बेशक अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण भी अहम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

■ शीर्ष अदालत ने कहा: आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं



कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएआईक्यूएम), सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस सिस्टम के लाभ से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि यदि कोई किसान कानून तोड़कर पराली जलाता है, तो उसे आर्थिक रूप से भी सजा देनी चाहिए, सिर्फ जुर्माना भरना या चेतावनी देना काफी नहीं है। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनरी दी जाए और उनको बेहतर विकल्प दिए जाएं, ताकि वे पराली जलाने के जगह अन्य तरीकों का उपयोग कर सकें।

### कर्नाटक: SBI में 21 करोड़ की डकैती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में करीब 21 करोड़ की डकैती हो गई। इसमें 1.04 करोड़ कैश और करीब 20 करोड़ कीमत का 20 किलो सोना शामिल है। मंगलवार शाम को 5 हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए।

सही रकम और गहनों का ब्योरा बैंक अधिकारियों के आने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है।पुलिस

■ सेना जैसी वर्दी में आए थे लुटेरे

के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले।

### गैंगस्टर छोटा राजन की ज़मानत रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि 'चार बार दोषसिद्धि और 27 साल की फरारी, ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए? न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसाई जया शेट्टी की 2001 के हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था। छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ के कवर्धा में ट्रैक्टर समेत सात बहे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में मानसून अभी भी एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। हालांकि राजस्थान, गुजरात और पंजाब से मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

उत्तराखंड के देहरादून और अन्य इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। बारिश और आपदा में 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग अभी भी लापता हैं। जम्मू कश्मीर के कटरा में 22 दिन से बंद वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से शुरू हो गई। 26 अगस्त को यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड के बाद से यात्रा बंद थी। लगभग 15

■ वैष्णो देवी यात्रा शुरू, दोनों रूट खुले

लोग मरे, कुछ घायल हैं और कुछ लापता हैं। सभी रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ, मैदान में हैं। सीएम भी यहां हैं। अब तक 900 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस इलाके के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अमेठी में मंगलवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।


## EVM में अब उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर के होंगे दीदार

### नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें

नई दिल्ली, वार्ता

**चुनाव आयोग** ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी।

यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी। निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने



नई पहल

■ चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार चुनाव से होगी शुरुआत

ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफतौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का कहना है कि इस पहल से मतदान प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। साथ ही चुनाव के प्रति पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। रंगीन तस्वीरें, बड़े फॉन्ट और बेहतर गुणवत्ता वाले कागज होने के चलते मतदाता बिना किसी असमंजस के सही उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। ईवीएम पर अब तक काले-सफेद फोटो और छोटे अक्षरों की वजह से मतदाताओं को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व सुगम होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू होने पर चहल-पहल

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा 22 दिनों के बाद बुधवार को फिर से शुरू होने से कटरा में चहल पहल है। भूस्खलन में 26 अगस्त को 34 लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने के बाद यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। यह यात्रा 14 सितम्बर को शुरू होने वाली थी, लेकिन इसे फिर से स्थगित कर दिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मंगलवार रात सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जय माता दी: अनुकूल मौसम की स्थिति में वैष्णो देवी यात्रा 17 सितम्बर, 2025 (बुधवार) से फिर से शुरू होगी। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। बुकिंग के लिए कृपया साइट पर जाएं। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को 'जयकारे' और ष्जय माता दीष के नारे लगाते हुए तीर्थयात्रियों ने उत्साह के साथ यात्रा शुरू की।

### अखिलेश-मायावती ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर उत्तर प्रदेश में बधाई प्रेषित करने का सिलसिला बुधवार को जारी रहा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी श्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। सुश्री मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक आदि ने बधाई दी।

## एमपी के धार से सीएम योगी ने पोषण माह पर किया ऐलान

# आंगनबाड़ियों का बढ़ेगा मानदेय, मिलेगा स्मार्टफोन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत



**यूपी के 75 जनपदों में स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत**

यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्रप्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा।

### मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज अपने आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है। श्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं।

# ड्रोन विनियमन के लिए बनेगा अलग कानून

नई दिल्ली, वार्ता



**सजा और जुर्माने तक के नियम तय होंगे**

सरकार देश में ड्रोन के परिचालन के लिए एक अलग कानून बनाने की तैयारी में है, जिसमें ड्रोन की खरीद-बिक्री, परिचालन, नियमों के उल्लंघन की स्थिति सजा तथा जुर्माने से लेकर तीसरे पक्ष का बीमा और हर्जाना तक के नियम तय होंगे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नागर ड्रोन (संवर्धन एवं विनियमन) विधेयक, 2025 का मसौदा जारी किया है, जिसे आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आम लोग, उद्योग और अन्य हितधारकों से 30 सितम्बर तक मसौदे पर टिप्पणी, सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की है। मसौदा में नियमों का उल्लंघन करने पर जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें कहा गया है कि हर ड्रोन का यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूआईएन) होना जरूरी है। साथ ही उसमें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तय नियमों के अनुसार सुरक्षा मानक भी होने चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके द्वारा प्राधिकृत एजेंसियों के पास किसी क्षेत्र को ड्रोन के संचालन के लिए रेड जोन या एलो जोन घोषित करने का अधिकार होगा। रेड जोन में ड्रोन उड़ाने से पहले केंद्र सरकार और रेड जोन घोषित करने वाली एजेंसी से और एलो जोन के लिए उस इलाके के एटीसी अधिकारी से अनुमति की आवश्यकता होगी।

# कमर्शियल गाड़ियों के लिए भी आएगा एनुअल फास्टैग

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कहा था कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है।

सरकार ने नॉन-कमर्शियल वाहनों के लिए 3,000 रुपये की कीमत वाला एक फास्टैग-बेस्ड वार्षिक पास पहले ही शुरू कर दिया है, जो 15 अगस्त से प्रभावी है। यह परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्र की दिशा में एक कदम है। यह पास एक्टिवेशन की डेट से एक साल या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, के लिए वैध है। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। गडकरी ने बीओसीआई के भारत



**राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को मिलेगा फायदा**

प्रवास पुरस्कारों को संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश में सात आईपीएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डीआईजी स्थापना के पद पर गए देव रंजन वर्मा का स्थानांतरण पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। इसके अलावा सतीश कुमार पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं, जबकि अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक मेरठ की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर कमिश्नरेट बनाया गया है, जबकि शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। आईपीएस त्रिगुण बिसेन को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था।

# भाजपा ने ईसी को बनाया जुगाड़ आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह प्रक्रिया फर्जी वोट बनाने का जरिया बन गई है। इस दौरान अखिलेश ने महोबा और नोएडा में एक ही एड्रेस पर हजारों डुप्लीकेट वोटों का जिक्र करते हुए भाजपा पर जमीन हड़पने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का भी इल्जाम लगाया है।

बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर देश भर में शुरू होने जा रहा है, लेकिन



**बीजेपी वाले कब्जा रहे लोगों की जमीन**

महोबा से जानकारी मिली है कि एक ही पते पर 4000 से ज्यादा वोट हैं। वहीं नोएडा में भी सैकड़ों डुप्लीकेट वोट हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत सपा ने की भी थी, लेकिन आयोग ने संज्ञान में नही लिया। उन्होंने कहा कि सरकार आयोग का सहारा लेकर इसे 'जुगाड़ आयोग' बना रही है और बीजेपी फर्जी वोट बना रही है।

### छात्र की हत्या भाजपा-पुलिस व अपराधियों की मिलीभगत

**लखनऊ।** गोरखपुर जिले के पिपराइच इलाके में छात्र की हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है। संपूर्ण तस्करी का धंधा भाजपा सरकार की पुलिस के संरक्षण और देखरख एवं साझेदारी, मिलीभगत से चलता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में पशु तस्करों द्वारा छात्र की हत्या मामले में जो जानकारी सामने आ रही हैं, वह स्तब्धकारी है।



सेंसेक्स 81101.32

निफ्टी 24868.60



सोना रु. 111940

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128008

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ बंद

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी का रुख बना रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.2 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक.ांक भी 91.15 अंक यानी 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 25,330.25 अंक पर पहुंच गया। हालांकि मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.02 फीसदी की गिरावट देखी गयी। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। एनएसई में सरकारी बैंक,



ऑटो, आईटी, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। वहीं धातु, फार्मा, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य समूहों के शेयरों में गिरावट देशी गई। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 10 के लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक में सबसे अधिक 3.02 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.43, मारुति सुजुकी का 1.35, ट्रेंट का 1.21, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.20 और टेक महिंद्रा का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। टीसीएस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 0.99 फीसदी लुढ़क गया। टाइटन के शेयर में 0.98 प्रतिशत और आईटीसी में 0.93 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूट गए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.25 फीसदी लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.78 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## सोना और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने का भाव ने बुधवार को फिर लंबी छलांग लगाई है। पितृपक्ष में भी सोने के दाम में 900 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है। आज भारत में 24 कैरेट सोने का भाव 1,11,940 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड का रेट 1,02,610 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के अनुसार आज चांदी के भाव 123,368 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए। देश के महानगरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 1,08,530 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट सोने का रेट 99,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। मुंबई में 24 कैरेट सोने का रेट 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव आज 99,350 रुपये प्रति दस ग्राम है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,770 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 99,700 रुपये प्रति दस ग्राम है। कोलकाता में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड रेट 98,660 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। सोने की बढ़ती कीमत जनता के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। पिछले काफी समय से खरीदार कीमत में कमी होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन काफी समय से मामूली गिरावट के बाद बड़ी बढ़ोतरी ही हो रही है।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों में गिरावट

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए, जबकि गेहूं में तेजी का रुख रहा। चीनी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया दिवस के मौके पर बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट चढ़कर 4,477 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.61 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए टूटकर 3,856.46 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपए मजबूत हुआ और 2,864.95 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम 10 रुपए प्रति क्विंटल टूट गए और यह 3,306.55 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 59 रुपए और सूरजमुखी तेल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में भी 30 रुपए



प्रति क्विंटल चढ़ गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल तीन रुपए और वनस्पति 28 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में आज गिरावट रही। तुअर दाल की औसत कीमत करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी।

उड़द दाल में 23 रुपए और चना दाल में सात रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मूंग दाल 28 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चीनी के भाव में टिकाव रहा।

# लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 में 8124 लोगों को मिला रोजगार: नीरज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 का आयोजन किया था। हालांकि महोत्सव का दूसरा दिन भारी बारिश की भेंट चढ़ गया, लेकिन नीरज सिंह का कहना है कि आयोजन पूरी तरह से सफल रहा और इस दौरान 8124 लोगों को रोजगार मिला है।

नीरज सिंह बारिश के बाद सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि महोत्सव में 30,387 से अधिक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए। इस दौरान 14400 उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ, जिनमें 8124 युवाओं को जॉब ऑफर मिला। उन्होंने कहा है कि युवाओं के उत्साह और कंपनियों की भागीदारी ने इस महोत्सव को अभूतपूर्व सफलता की ओर बढ़ा दिया है, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, भारत नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नीरज सिंह ने कहा है कि लखनऊ जॉब फेयर में इंटरव्यू के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थी सहायता हेतु हमारे टोल-फ्री 91 88000 55555 / 18001239626 पर संपर्क करें। आश्वस्त रहें कि आपका ऑनबोर्डिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जाएगा। नीरज ने अपने बयान में कहा है कि भारी वर्षा के कारण हमें नियुक्ति पत्र सम्मान समारोह स्थगित/रद्द करना पड़ा। यह वह अवसर था जब चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने थे।

### राहुल गांधी पाकिस्तान के लोकप्रिय नेता: बृजभूषण

**गोण्डा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के प्रिय राजनेता है, क्योंकि उनकी बात वहां बहुत सुनी जातीं हैं। एशिया कप के बाद पाक क्रिकेटर अफरीदी द्वारा राहुल गांधी की तारीफ के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब से राहुल राजनीति में आएं हैं, तभी से 'सेल्फगोल' कर रहें हैं। राहुल गांधी की बात देश में केवल वे स्वयं ही समझ सकते हैं। वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राहुल के साथ विपक्ष बकवास कर रहा हैं।

# पीएम मोदी सूफी अवधारणा के समकालीन व्याख्याता: फरीदी

नई दिल्ली, वार्ता

**फतेहपुर सीकरी दरगाह के सज्जादानशीन ने पीएम के जन्मदिन पर कहा**

फतेहपुर सीकरी स्थित दरगाह हज़रत शेख सलीम चिश्ती के सज्जादा नशीन पीरज़ादा अरशद फ़रीदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृतित्व एवं व्यक्तित्व को बिल्कुल अलग नज़रिए से देखा है।

अरशद फ़रीदी ने मोदी के जन्म दिन पर अपने एक लेख में कहा है कि सूफ़ीवाद का दर्शन न केवल मनुष्यों के बीच आध्यात्मिक दूरियों को कम करता है, बल्कि राष्ट्रों के बीच की दूरियों को भी मिटाता है। उन्होंने लेख में कहा कि जिस खुलेपन के साथ मोदी ने हाल ही में इस दर्शन की भारत की प्राचीन मान्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता का उल्लेख किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि मोदी का महत्व इस मायने में और भी बढ़ जाता है कि वह हमारे देश के पहले लो. कतांत्रिक शासक हैं, जिन्होंने संघर्षग्रस्त विश्व को शांति और सद्भाव के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि सूफ़ी दर्शन कल भी शांति और सुरक्षा के बारे में था और आज की अशांत और बेचैन दुनिया को भी आत्म-शुद्धि, आध्यात्मिकता और ज्ञान के रचयिता के सामीप्य से ही मानवता के कल्याण के लिए आवश्यक शांति प्राप्त होगी, जो मनुष्य को प्रेम, भाईचारे और दूसरों के प्रति परस्पर सम्मान की ओर ले जाती है। सूफ़ी शिक्षाओं में सहिष्णुता, धैर्य और सभी प्राणियों के प्रति प्रेम शामिल है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन बनता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, दिल्ली में खुसरो महोत्सव में, मोदी ने भारत को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने के उनके प्रयासों में हज़रत अमीर खुसरो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने विचारों, वचनों और कर्मों से भारत को विश्व के राष्ट्रों में सबसे महान राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया। सूफ़ी संत बुल्ले शाह, बाबा फ़रीदुद्दीन शकरगंज, निज़ामुद्दीन औलिया और खुसरो द्वारा प्रचलित सामंजस्यपूर्ण संगीत संस्कृति पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने सूफ़ी भक्ति की सर्वश्रेष्ठ परंपरा को नमन किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## ऊधमसिंह नगर में हैवानियत की इंतेहा

# मासूस से दुष्कर्म, हड्डियां तोड़ी, हत्या

### 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार, जन-आक्रोश से तनाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के जसपुर में एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ जघन्य दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। इस बर्बर घटना ने पूरे क्षेत्र में गहरा आक्रोश और तनाव पैदा कर दिया है। हालांकि, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को जसपुर के ग्राम अमियावाला में घर से लापता हुई इस बच्ची का शव बुधवार सुबह गन्ने के खेत में पड़ा मिला। बच्ची के शरीर पर बेरहमी से किए गए अत्याचार के निशान देखकर गांव वाले स्तब्ध रह गए। बताया गया है कि उसके हाथ की हड्डियां टूटी हुई थीं और पेट व हाथों पर दर्जनों चाकू के घाव थे। उसके कपड़ों पर भी खून के निशान थे, जो हैवानियत की कहानी बयां कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि बच्ची मंगलवार दोपहर से लापता थी। काफी खोजबीन के बाद जब वह नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गंभीर हालत में उसे गन्ने के खेत में पाया। उसे तुरंत जसपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु सिंघल ने पुष्टि की कि ष्बच्ची के मुंह से झाग निकल रहा था और उसके शरीर पर कई गंभीर घाव थे। इस जघन्य अपराध की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। सीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया, ष्पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

### जनता में आक्रोश व विरोध प्रदर्शन

आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद, घटना से उपजा जन-आक्रोश शांत नहीं हुआ है। सैकड़ों ग्रामीणों ने जसपुर-काशीपुर हाईवे को जाम कर दिया और दोषियों को तुरंत फांसी देने की मांग की। गुस्साए लोगों ने अस्पताल के बाहर भी जमकर प्रदर्शन किया। उनका गुस्सा इस बात पर था कि इतनी छोटी बच्ची के साथ ऐसी बर्बरता कैसे हो सकती है। ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यदि पुलिस ने बच्ची के लापता होने की शिकायत को गंभीरता से लिया होता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी। स्थानीय विधायक आदेश चौहान ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा, ष्हम पुलिस पर दबाव बनाएंगे कि आरोपी को कठोर से कठोरतम सजा मिले, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके।ष फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जनता की मांग है कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में पूरी पारदर्शिता बरते और सुनिश्चित करे कि न्याय जल्द से जल्द मिले।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर चारों धामों में विशेष पूजा सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार को उत्तराखंड के चारों धामों के साथ ही प्रमुख तीर्थ स्थलों पर विशेष पूजा अर्चना की गई। जहां तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की। बद्रीनाथ धाम में बीकेटीसी पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर हवन किया गया। जिसमें तीर्थ पुरोी. हतों ने भगवान बद्री विशाल से प्रधानमंत्री के लिए मंगल की कामना की। इसी तरह केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों ने महारुद्राभिषेक का आयोजन कर बाबा केदार से प्रार्थना की। दोनों धामों के तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों से उत्तराखंड के चारों धामों में पुनर्निर्माण और विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। प्रधानमंत्री खुद कई बार बद्रीनाथ और केदारनाथ के दौरे पर आ चुके हैं। इधर, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी तीर्थ पुरोहितों ने भी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके लिए विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न की। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और तीर्थ यात्रियों ने भाग लिया। तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान विदेशों में तक बढ़ा है, भारत अब विश्व को नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में आ गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है, इसी तरह उत्तराखंड के जनमानस के मन में भी प्रधानमंत्री जी के लिए विशेष जगह है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश में कई जगह लोगों ने स्वतः स्फूर्त तरीके से प्रधानमंत्री जी के लिए मंगल कामना करते हुए हवन एवं पूजा अर्चना की। मैं पुनः प्रदेशवा. सियों की तरफ से माननीय प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई प्रेषित करता हूं, भगवान बद्री विशाल उन्हें दीर्घायु रखें... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

## महाराज ने वर्षा व भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

### लोक निर्माण विभाग के 62 मार्गों व 8 सेतु हुए क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने के कारण जनपद में लोक निर्माण विभाग के 62 मार्ग व 8 सेतु क्षतिग्रस्त हुए हैं। लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को देहरादून जनपद के भारी वर्षा, भूस्खलन एवं बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों केशरवाला-मालदेवता, कुमाल्डा-कद्दूखाल, खैरी मानसिंह मार्गों सहित देहरादून-मसूरी मार्ग पर शिव मंदिर के समीप क्षतिग्रस्त सेतु का स्थलीय निरीक्षण कर लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त 8 सेतुओं में से 5 सेतुओं पर स्थाई रूप से कार्य करवा कर यातायात चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 35 मार्गो पर यातायात बहाल कर दिया गया है जबकि से 27 मार्गो पर यातायात बहाल करने के लिए लगातार कार्य चल रहा है।

महाराज ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मालदेवता-केशरवाला में 300 मीटर क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग को खोलने का काम लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि नदियों का चौनेलाइजेशन होना अति आवश्यक है। इसके लिए सिंचाई, आपदा व खनन विभाग आपस में मिलकर काम करें ताकि नदियों का पानी रिहायसी क्षेत्र में ना घुसने पाए। लोक निर्माण व सिंचाई मंत्री ने लोगों से अनुरोध किया है कि वह नदी-नालों के निकट निर्माण कार्य न करें। स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश कुमार शर्मा सहित लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के अनेक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## राज्य के 11 शिल्पकारों को उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कार

### मुख्यमंत्री ने समारोह में शिल्प रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की बुनाई और हस्तशिल्प कला अपनी विविधता, परंपरागत डिजाइन तथा गुणवत्ता के कारण प्रसिद्ध है। उन्होंने प्रदेश के शिल्पियों एवं बुनकरों को राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने हस्तशिल्प पर आधारित विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया एवं 11 लोगों को उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई



आपदा में दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी और प्रभावित परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास कार्यों को संवेदना और तेज गति से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद वीरेन्द्र दत्त सेमवाल, विधायक सरिता आर्य, सुरेश गड़िया, अध्यक्ष बाल आयोग डॉ. गीता खन्ना, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग डॉ. सौरभ गहरवार और प्रदेशभर से आए हस्त शिल्पी उपस्थित थे।

### हस्थशिल्प ने दिलाई वैश्विक पहचानः धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है, कि हर्षिल की ऊनी शाल, मुनस्यारी-धारचूला की थुलमा, अल्मोड़ा की ट्वीड, छिनका की पंखी और पिछौड़े के डिजाइन ने उत्तराखंड को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक बाजार में भी पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि आज भांग एवं बांस के रेशों से बने वस्त्रों की देशभर में विशेष मांग देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "वोकल फॉर लोकल", "लोकल टू ग्लोबल" और "मेक इन इंडिया" जैसी पहलें शिल्पियों और बुनकरों के सामाजिक-आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान जैसी योजनाओं के माध्यम से शिल्पियों और बुनकरों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है।

**इनको सम्मानित किया गयाः** उत्तरकाशी से जानकी देवी, भागीरथी देवी, बागेश्वर से इन्द्र सिंह, अल्मोडा से लक्ष्मण सिंह, भुपेन्द्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी (नैनीताल) से जीवन चन्द्र जोशी, मोहन चन्द्र जोशी, नारायण नगर मल्लीताल नैनीताल से जानकी बिष्ट, क्वालिटी कॉलोनी हल्दूचौड़ हल्द्वानी से जगदीश पाण्डेय, चमोली से प्रदीप कुमार, गुड्डी देवी, उत्तरकाशी से महिमानन्द तिवारी शामिल थे।

## स्वच्छ उत्सव-2025 का शुभारंभ, सीएम ने रथ किया रवाना

### मुख्यमंत्री धामी ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता सेवा का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बुधवार को स्वच्छ उत्सव-2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवा. सियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं भी प्रदान कीं। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और सभी प्रदेशवासियों से स्वच्छता की मुहिम से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में सेवा स्वच्छता से संबंधित नियमित कार्यक्रम किए जाएंगे।

इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित भी किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई और पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छता रथ का फ्लैग ऑफ किया और पर्यावरण मित्रों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यलक्ष्मी शाह, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, सचिव नीतेश झा, नगर आयुक्त नमामि बंसल और अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता हमारे संस्कार का हिस्साः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता आंदोलन ने देश को नए आयाम प्रदान किए हैं। स्वच्छ उत्सव-2025 भी इसी दिशा में एक संकल्प, एक आंदोलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ व स्वच्छ भविष्य का वचन है। उन्होंने कहा कि "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" के सपने को साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हमारे संस्कार और जीवनशैली का हिस्सा है। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले, गाँव और शहर को साफ-सुथरा रखने को अपनी जिम्मेदारी समझें। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का उल्लेख किया और कहा कि पौधारोपण जीवन की गुणवत्ता सुधारने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का साधन है।

## आपदा में इंसानियत की मिसाल बनी जमीअत, बढ़ाया मदद का हाथ

### प्रभावितों की आर्थिक मदद का किया ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आई हालिया भीषण आपदा ने जहां जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं जमीअत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखंड ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आपदाओं में इंसानियत की सबसे बड़ी ताकत हमदर्दी और मदद होती है।



बुधवार को प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी के नेतृत्व में जमीअत का एक प्रति. निधिमंडल देहरादून के परवल, डालनवाला स्थित एमडीडीए कॉलोनी व अधोईवाला पहुंचा, जहां रिस्पना नदी में आई जल प्रलय ने लोगों के घरों और दुकानों को मलबे में तब्दील कर दिया। मौलाना शराफत ने प्रभावितों से मुलाकात कर उनके दर्द को न सिर्फ साझा किया, बल्कि हर संभव सहायता का भरोसा भी दिलाया। एमडीडीए कॉलोनी में बिट्टू, इंद्रसैन और जफर के मकान गिर गये है, जमीअत इन तीनों की आर्थिक मदद करेगी। मीडिया से बात करते हुए मौलाना शराफत ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा पूरा प्रदेश इस समय एक भीषण त्रासदी से गुजर रहा है। कुदरत की इस मार ने कई लोगों की जिंद. गियों को तहस-नहस कर दिया है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाई जाए और हर प्रभावित तक मदद पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ति रईस अहमद कासमी, मौलाना मासूम कासमी, मुफ्ती तौफीक इलाही, मौलाना असद, मौलाना हारून, मौलाना आबाद, मौलाना अब्दुल सत्तार, मुफ्ती शम्सुल हुदा, मुफ्ती तजीम, मौलाना शाहिद हुसैन मौलाना अब्दुल वाहिद, मौलाना गुलशेर, मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, मास्टर अब्दुल सत्तार, मुफ्ति अयाज अहमद, मौलाना रागिब मजाहिरी, मौलाना उमर, मौलाना नदीम अहमद, मौहम्मद इकराम, मौलान शुएब, जाकिर अंसारी, कारी कारी मुकीम आलम व मौहम्मद शाह नजर आदि मौजूद रहे।

### मृतकों के परिजनों से मिलकर दी श्रद्धांजलि

प्रतिनिधिमंडल ने आपदा में जान गंवाने वाले परवल के फरमान के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। जमीअत के प्रदेश उपध्यक्ष मुफ्ति रईस ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा, आप अकेले नहीं हैं। जमीअत उलेमा-ए-हिंद आपके साथ है। आपके दुख को हम अपना दुख समझते हैं। अल्लाह सबको इस कठिन घड़ी से बाहर निकाले। जमीअत (आ) व जमीअत (एम) ने मृतक की विधवा को 25 हजार की नकद मदद की और बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाने का ऐलान किया।

## नन्ही परी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की मासूम बेटी नन्ही परी के साथ 2014 में पिथौरागढ़ में हुए सामूहिक बलात्कार और हत्या की वीभत्स घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। लोअर कोर्ट और हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी अख्तर अली को फांसी की सजा सुनाकर न्याय की उम्मीद जगाई थी, मगर 11 वर्षों बाद, सर्वोच्च न्यायालय ने आरोपी को बरी कर दिया, जिसके खिलाफ महिला कांग्रेस ने बुधवार को कांग्रेस भवन से घंटाघर तक एक कैंडल मार्च निकाला।

उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, और एनएसयूआई ने कांग्रेस भवन से घंटाघर तक एक कैंडल मार्च निकाल कर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर पुनर्विचार करने और पीड़िता को न्याय दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नजमा खान, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश, पार्षद आयुष गुप्ता, पार्षद इतिअत खान, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बंटू, ललित बद्री, बबलू पंवार, डीएवी अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, सुशीला बेलवाल शर्मा व सावित्री थापा आदि उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आगाज

### दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



अभियान के शुभारंभ के साथ ही प्रदेशभर की चिकित्सा इकाईयों में स्वास्थ्य शिविरों का आगाज हो गया है। इन शिविरों में हजारों लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया साथ ही अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लाभ लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम के बाद मीडिया से वार्ता करते हुए प्रधानमंत्री को जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिन है। इस अवसर पर "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान शुभारंभ किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी तैयारी की है, यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा, इसलिए राज्य की माताएं, बहनें इसका लाभ उठाएं।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से शिविर अहमः डॉ. रावत

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर एक विशेष अभियान की शुरूआत की है, जो आम लोगों खासकर महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अहम है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की प्रदेशभर में शुरूआत हो गई है। इस अभियान के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगभग 4114 स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। जिसमें हजारों लोगों ने आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। साथ ही अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी लिया। डॉ. रावत ने बताया कि इन स्वास्थ्य शिविरों में जनप्रतिनिधियों जिलों के प्रभारी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, मेयरों, जिला पंचायत अध्यक्षों आदि ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों की प्रत्येक दिन मॉनिटिरिंग की जायेगी, इसके लिये सभी जिलों के जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का अधिक से अधिक लोग लाभ ले सके इसके लिये विभागीय अधिकारियों को ठोस निर्देश दिये गये हैं।

# डीएम टिहरी ने सत्यों सकलाना आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**थत्यूड़** । जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने आज बुधवार को धनोल्टी तहसील क्षेत्रांतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत लामकाण्डे, ग्राम पंचायत हटवाल गांव का स्थलीय निरीक्षण कर आपदा क्षति का जायजा लिया। इस मौके पर धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार और डीएम टिहरी की उपस्थिति में स्थानीय लोगों के साथ बैठक भी गई।

इस मौके पर धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचने में पैसों की कोई कमी नहीं होगी। आपदा को लेकर मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से पीएमजीएसवाई की मरोड़ा बनाली एवं मरोड़ा कुंड रोड पर जगह जगह मालवा आने एवं वाश आउट होने से अवरुद्ध है। क्षेत्र में आवासीय भवनों, फसलों, पेयजल लाइनों को काफी क्षति पहुंची है।

जिलाधिकारी ने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को प्रभावित किसानों की क्षति का आकलन कर मुआवजे हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों एवं अधिकारियों के साथ मरोड़ा गांव, हटवाल गांव तक पैदल निरीक्षण कर फसलों, आवासीय भवनों, पेयजल लाइन, विद्युत, सिंचाई आदि को दैवीय आपदा से हुई क्षति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिन गांवों में पेयजल की अभी भी समस्या है, वहां पर तत्कालिक व्यवस्था करने तथा सड़क खुलने तक प्लास्टिक के पाइपों से पानी की व्यवस्था करने को कहा गया। पीएमजीएसवाई को सड़क से मालवा हटाने के लिए जेस. ीबी मशीन बढ़ाने एवं टीपर लगाने को कहा गया। ईई पीएमजीएसवाई को क्षेत्र में रहकर कटान कार्य एवं जाले भरने के लिए जगह चिन्हित कर जनप्रतिनिधियों की समिति बनाकर कार्य करवाने को कहा।

# बच्चों ने तख्तियों व नारों से किया आमजन को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025" के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में बुधवार को जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं केदारपुरी में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य कार्यक्रम रुद्रप्रयाग नगर में आयोजित हुआ, जहां आर्मी बैंड से गुलाबराय मैदान तक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट ने आर्मी बैंड स्थल से फ्लैग ऑफ कर किया।

रैली में बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग के कर्मचारी, पर्यावरण मित्र तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। स्कूली बच्चों ने हाथों में स्वच्छता जागरूकता से जुड़े तख्तियां, बैनर और नारे लेकर शहरवासियों को संदेश दिया कि "स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा है।" तथा स्वच्छता प्रेरक नारे "एक कदम स्वच्छता की ओर, स्वस्थ जीवन का है यह दौर "स्वच्छता अपनाएँ, बीमारी भगाएं, "स्वच्छ भारत का सपना, जनभागीदारी से अपना" आदि नारों से शहर गूंज उठा। रैली का समापन गुलाबराय मैदान में हुआ, जहां उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आमजनमानस को मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने घर, मोहल्ले, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वच्छता की ओर जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण साबित हुई। आने वाले समय में जनपद में इसी प्रकार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी परमेंद्र बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी सहित जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, पर्यावरण मित्र एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



**आर्मी बैंड से गुलाबराय मैदान तक गूंजे स्वच्छता के संदेश, गुलाबराय मैदान में अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व आमजन ने ली स्वच्छता की शपथ, नगर पालिका, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और पर्यावरण मित्रों की रही सक्रिय भागीदारी**

## आपदा प्रभावित गांवों का शीघ्र विस्थापन होना जरूरी: उक्रांद

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड क्रांति दल ने कहा कि जनपद में बीते 28 अगस्त को आई आपदा से प्रभावित गांवों का सरकार शीघ्र विस्थापन किया जाना जरूरी है। साथ ही इससे पहले उन्हें सुरक्षित स्थानों पर बेहतर सुविधाओं के साथ रहने की व्यवस्था की जाए। आज भी प्रभावित इलाकों में अफसर नहीं पहुंचे हैं, जबकि कई जगहों पर खाद्यान भी नहीं पहुंच सकता है।

जिला मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आपदा केदारनाथ आपदा जैसी थी, ईश्वर की कृपा रही कि जनहानि कम हुई।

# देहरादून आन्दोलन के लिए जा रहे शिक्षकों को नगुण बैरियर पर रोका

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती प्रक्रिया के विरोध में उत्तरकाशी जनपद से देहरादून मुख्यमंत्री आवास रैली में शामिल होने जा रहे शिक्षकों को नगुण बैरियर पर पुलिस द्वारा रोके जाने से शिक्षकों ने सरकार व प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर कर हाईवे पर ही धारना पर बैठ गये है।

बुधवार को राजकीय शिक्षक संघ के शिक्षक नगुण बैरियर में ही बैठकर सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे। इन शिक्षकों को रोकने में पुलिस ने जगह -जगह प्रयास किया फिर भी शिक्षक देहरादून पहुंच गए लेकिन पुलिस के पसीने छूट गए ।

जिले के मुख्य द्वार नगुण बैरियर चिन्यालीसौड़ पर बुधवार सुबह 5 बजे से ही देहरादून जा रहे शिक्षकों को रोका जा रहा था।



जिस पर शिक्षकों ने कड़ी नाराज की व्यक्त की और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। ब्लॉक अध्यक्ष विपिन थपलियाल ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि आखिर शिक्षक ऐसा क्या काम कर रहे हैं कि उन्हें देहरादून जाने से रोका जा रहा है । नगूण बैरियर पर पुलिस द्वारा बस से चुन- चुन करके इस बस में अध्यापक कौन-कौन है। उन्हें निकाल कर बस से बाहर करना ऐसा लग रहा था जैसे बॉर्डर पर आतंकवादी व मावबादियों का उतारा जा रहा हो। शिक्षकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार अमानवीय है। उन्होंने कहा यदि पुलिस ने अपना रूख नहीं बदला तो मौके पर ही आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। बाद में करीब 10 बजे सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी की पहल पर नगुण बैरियर पर पहुंच पुलिस प्रशासन से वार्ता कर शिक्षकों को **देहरादून की ओर प्रस्थान करवाया गया।**

इस बीच, राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री रमेश पैन्यूली ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि शिक्षकों का आंदोलन पूरी तरह से गांधीवादी तरीके से चल रहा है। शिक्षक अपनी मांगों को लोकातंत्रित तरीके से ही सरकार के सम्मुख रख रहा है। कहा कि ऐसे में भी शिक्षकां को आंदोलन में प्रतिभाग करने से रो. कना ठीक नहीं है। राजकीय शिक्षक संघ के दोनों मंडलों और विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने भी इसकी कड़ी निंदा की।

**इस मौके पर विपिन थपलियाल अध्यक्ष**

, गंभीर राणा,विनोद जोशी,रामेंद्र बिष्ट,परमिल रावत,सुन्दर नौटियाल, विजयपाल , धनराज भंडारी ,अरुण बिष्ट सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

# निराश्रित गोवंश के संरक्षण को लेकर गोरक्षा विभाग तत्पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** निराश्रित गौवंश के संरक्षण को लेकर जिले में गौ रक्षा विभाग की टीम लगातार कार्य कर रही है। पिछले पांच सालों से विभाग की टीम निराश्रित गौवंश का ट्रीटमेंट और उनके लिए आशियाना तैयार कर रही है, जिससे इनका संरक्षण व संवर्द्धन हो सके। बुधवार को पशुपालन विभाग के सहयोग से पपड़ासू स्थित गौसदन में निराश्रित गौवंश का उपचार करने के साथ ही उन्हें एफएमडी वैक्सीन लगाए गए।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय प्रकाश ने कहा कि गौ रक्षा विभाग जिले में सक्रिय भूमिका निभाते हुए निराश्रित गौवंश की सेवा कर रहा है। पपड़ासू स्थित गोसदन में पचास



के करीब निराश्रित गौवंश को रखा गया है, जहां पर उनकी देख-रेख की जा रही है।

पशुपालन विभाग की टीम ने गौसदन पहुंचकर कमजोर, बीमार गौवंश का ट्रीटमेंट किया। साथ ही कैल्शियम भी वितरित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक विकास के लिए कैल्शियम पशुओं के लिए आवश्यक प्रमुख पोषक तत्वों में से एक है। गौसदन में टिक्स की समस्या से जूझ रहे गौवंश पर इंजेक्शन लगाए गए। पशुओं में टिक्स छोटे परजीवी होते हैं, जो खून चूसते हैं। ये रक्त-जनित रोग फैलाते हैं, जिससे कमजोरी, एनीमिया की शिकायत होती है। बताया कि खुरपक्का-मुहपक्का रोग के बचाव को लेकर पशुओं को टीकाकरण किया गया, जिसे एफएमडी वैक्सीन कहा जाता है। यह एक निष्क्रिय टीका है, जिसे पशुओं को खुरपक्का-मुहपक्का रोग से बचाने के लिए लगाया जाता है। यह रोग एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है। गौ रक्षा विभाग ट्रस्ट के अध्यक्ष रोहित डिमरी ने कहा कि विभाग की टीम जहां शहरी इलाकों में निराश्रित गौवंश के संरक्षण को लेकर आवाज उठा रहा है, वहीं इनके ट्रीटमेंट का भी कार्य कर रहा है। ग्रामीण इलाकों के असामाजिक लोग मवेशियों का उपयोग करने के बाद उन्हें मरने के लिए सड़कों में छोड़ रहे हैं, जिससे वाहनों की चपेट में निराश्रित गौवंश घायल व चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में गौ रक्षा विभाग की टीम तत्परता से इनकी उपचार कर इनके जीवन को बचा रहा है। उन्होंने पपड़ासू स्थित गौ रक्षा विभाग के गौसदन में निराश्रित गौवंश का संरक्षण हो रहा है। पशुपालन विभाग की टीम समय-समय पर इनका उपचार के साथ ही टीकाकरण की कार्यवाही कर रही है। इस मौके पर पशुपालन विभाग के पशुधन प्रसार अधिकारी राजेन्द्र मनवाल, गौ रक्षा विभाग ट्रस्ट के अध्यक्ष रोहित डिमरी, गौ रक्षा विभाग के महामंत्री विमल चौहान, उपाध्यक्ष दीपक नौटियाल, सचिव अंकित राणा, अर्जुन सहित अन्य मौजूद थे।

## केदारनाथ पुनर्निर्माण मॉडल की तर्ज पर होगा छेनागाड़ का विकास

**रुद्रप्रयाग।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी बुधवार को जिले के छेनागाड़ आपदा प्रभावित क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने ग्राउंड जीरो पर जाकर आपदा से हुई तबाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद और पुनर्वास का भरोसा दिलाया। सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि सरकार पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्र में कार्य कर रही है।

## एक नजर .......

### रविवार को आयोजित की जाएगी वाद-विवाद प्रतियोगिता

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ नागिरक संगठन की ओर से 23 सितंबर रविवार को लालबत्ती चौक स्थित राजकीय इंटर कालेज में इंटर स्कूल वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को यह जानकारी देते हुए संगठन महासचिव रिपुदमन बिष्ट ने सभी प्रतियोगी स्कूलों के प्रधानाचार्यो से प्रतिभागी छात्रों के नामांकन पत्र आज गुरूवार तक प्रतियोगिता के संच. ालक जयवीर सिंह रावत के पास भेजने की अपील की है। कहा कि इसके बाद किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जायेगा।

### सेवा पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया पौधरोपण कार्यक्रम

**कोटद्वार ।** फारेस्ट ग्रुप आफ पेंशनर्स और गुरु गोरखनाथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन समिति की ओर से बुधवार को नगर वन क्षेत्र में सेवा पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार और गुरुकुल महाविद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आरंभ विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए पौधरोपण करना आवश्यक है। बिना पौधों के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती क्योंकि पौधे ही प्राणदायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। तत्पश्चात विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान फारेस्ट ग्रुप आफ पेंशनर्स के अध्यक्ष आर पी पंत, गुरू गोरखनाथ पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन समिति के महासचिव सतीश शर्मा, केसीराम निराला, कोटद्वार रेंज अधिकारी विपिन जोशी, राहुल कुमार, गंभीर सिंह और पंकज बिष्ट सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### जौरासी मोटरमार्ग मुआवजा प्रक्रिया पर की गई चर्चा

**कोटद्वार ।** दुगड्डा ब्लाक के ग्राम जौरासी स्थित पंचायत भवन में बुधवार को प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित स्यालनी-स्यालकण्डी व स्यालनी- जौरासी मोटरमार्ग मुआवजा प्रक्रिया पर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान जौरासी चंडी प्रसाद कुकरेती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएमजीएसवाइ अभियंता सुधीर मंमगांई ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से प्रभावित काश्तकारों का मुआवजा तैयार किया जा चुका है। कहा कि सभी काश्तकार अपने आवश्यक दस्तावेज जमा कर मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं। वहीं सभी प्रभावितों को भूमि में अपने सहखातेदारों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी लाना होगा। मौके पर सभी काश्तकारों से मुआवजे की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने की अपील की गई ताकि मुआवजे का शीघ्र भुगतान किया जा सके। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सर्किल कानूनगो क्षेत्र पौखाल मनोहर सिंह नेगी, सहायक अभियन्ता विपिन सैनी, विभागीय अमीन महावीर तोमर और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संजय कपरवाण सहित क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय युवा लीडर समिट से लौटे पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र

**रुद्रप्रयाग।** अन्तर्राष्ट्रीय युवा नेतृत्व शिखर सम्मेलन बिम्सटेक से पर्यावरण विशेषज्ञ देव राघवेन्द्र सिंह चौधरी लौट आए हैं। सम्मेलन में भारत सहित छः देशों के लगभग 100 युवाओं ने हिस्सा लिया था। साथ ही विदेश के युवाओं ने उनके साथ अपने विचार भी साझा किए। भारत विदेश मंत्रालय तथा भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में गुवाहाटी असम में बीते 9 से 12 सिंतबर तक संपन्न हुए बीम्सटेक युवा नेतृत्व शिखर सम्मेलन में उत्तराखण्ड से रुद्रप्रयाग जिले के देवराघवेन्द्र सिंह चौधरी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। बताया कि सम्मेलन में उन्होंने उत्तराखण्ड हिमालय के हस्तशिल्प उत्पादों तथा जैविक उत्पादों को बढ़ावा देकर उद्यमिता को स्थापित करने पर बात रखी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में उत्तराखण्ड के युवाओं को हरित उद्यमिता विकास की दिशा में कार्य करने पर व्याख्यान दिया। बताया कि इस दौरान बीम्सटेक राष्ट्र के युवाओं के बीच संवादात्मक सत्र चला। जिसमें विशेषज्ञों ने सभी युवाओं को उद्यमिता विकास के गुर सिखाए। बताया कि भारत विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव सीएस राम ने सात देशों से आए युवाओं को संबोधित कर कहा कि बीम्सटेक राष्ट्र के युवओं को एक मंच पर लाकर उनको उच्च नेतृत्व प्रदान करना है।

# राजराजेश्वरी मन्दिर में चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कंडारा स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में चोरी का प्रयास करने व पुजारी पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने बागेश्वर से गिरफ्तार किया।

बीते दस सितम्बर की रात्रि में अगस्त्यमुनि क्षेत्र के ग्राम कण्डारा स्थित राज राजेश्वरी मन्दिर के गेट का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया। मन्दिर में लगा सायरन बजने से मन्दिर के पुजारी कमलेश्वर प्रसाद जाग गए और उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया। चोर ने पाइप लाइन पर काम करने वाली रेंच से पुजारी पर वार किया, जिससे उन पर भी गम्भीर चोटें आई। हालांकि इस दौरान पुजारी ने भी स्वयं के बचाव में चोर पर वार किए। पुजारी के चिल्लाने तथा गांव की तरफ भागने व गांव वालों को एकत्रित करने के बीच चोर रात्रि को ही अंधेरे से मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था। घटना की जानकारी रात्रि में ही पुलिस को मिलने पर पुलिस स्तर से तत्काल मन्दिर, गांव के आस-पास के क्षेत्र में आवश्यक ढूंढखोज की गयी।

## रुद्रप्रयाग में युवाओं और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी संबोधन भी उपस्थित लोगों ने वर्चुअल माध्यम से सुना और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने भी शिरकत की।जनपद में विभिन्न स्वच्छता रैलियां, जन-जागरूकता कार्यक्रम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# प्राविके शिक्षक पर छात्रा से अश्लील हरकत करनें का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रापुरी से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। चंद्रापुरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक पर अगस्त्यमुनि महाविद्यालय में अध्ययनरत 21 वर्षीय एक छात्रा ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है।

थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि महेश रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित युवती की ओर से मंगलवार शाम को तहरीर दी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद यासीन ने उसे कंप्यूटर सिखाने के बहाने विद्यालय बुलाया। आरोपी शिक्षक लगातार फोन कर विद्यालय आने के लिए दबाव डालता रहा। पीड़िता की ओर से की गई शिकायत में बताया गया कि जब वह विद्यालय पहुंची तो शिक्षक नशे की हालत में था। उन्होंने पहले उसे कंप्यूटर पर बैठाया और फिर बार-बार अपने पास बैठने का दबाव बनाया। आरोप है कि शिक्षक ने मौका पाकर उसके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ की और उसका बैग व मोबाइल अपने पास रख लिया। पीड़िता ने विरोध किया और खुद को बचाकर वहां से बाहर निकल आई। बजरंग दल के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया गया। मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर शिक्षक मोहम्मद यासीन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 74 और 75 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। घटना के बाद अगस्त्यमुनि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# 8 अक्टूबर से होगा उत्तरकाशी में सैनिक दीपावली मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** रामलीला मैदान में दीपावली से पूर्व होने वाले सैनिक दीपावली मेले का आगामी आठ अक्टूबर से शुरू होगा है। बुधवार को मेला आयोजन करने वाली विश्वनाथ पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2007 शुरू हुये सैनिक दीपावाली मेला इस बार भी 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित करवाया रहा है । उन्होंने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण ष्लक्की ड्राष जिसमें कार, स्कूटी, सोना, टीवी समेत 251 पुरस्कार महज ध्300 की पर्ची पर विजेयता को दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इस दौरान देश के दूर दराज क्षेत्रों से सेवारत सैनिकों का मनोबल ऊँचा करने के लिए एवं जवानों को शारीरिक दक्षता के लिए, ष्रन फार आर्मीष एवं बालीबाल प्रतियोगितायें

समेत स्कूलों बच्चों के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा है। इसके अलावा पटाखा स्टॉल, बैंड डिस्पले, रासो नृत्य आदि का भी आयोजन होता है।मेले का मुख्य आकर्षण लकी ड्रॉ रहता है, जिसके लिए दूर-दराज से मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचते हैं।

समिति के संरक्षक आर एस जमनाल ने बताया कि इस मेले में एकत्रित होने वाली धनराशि को समिति पूर्व सैनिकों, वीर वीरांगनाओं व उनके आश्रितों के कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करती है। पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए स्कालरशिप, पूर्व सैनिक के निधन पर आर्थिक मदर, दैवीय आपदा के प्रभावित पूर्व सैनिक को आर्थिक मदद, दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित किए जाते हैं।

इस मौके पर समिति के संरक्षक आर एस जमनाल,अध्यक्ष सूबेदार मेजर (सेनि.) वीरेंद्र सिंह नेगी , सचिव बलवीर सिंह ,कोषाध्यक्ष धनपाल,संरक्षक आर एस जमलाल, मीडिया प्रभारी गोपेश्वर प्रसाद, आदि मौजूद रहे है।

## मोदी के जन्मदिन पर लगा बहुउद्देशीय शिविर

**पुरोला/ चिन्यालीसौड़/उत्तरकाशी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिले के भटवाडीष , डुंडा, , बड़कोट, पुरोला, मोरी तहसील मुख्यालयों में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। पुरोला तहसील में कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह व अन्य जनप्रति. निधियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश को संबोधन सुना। नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित कर भारत के सैनिकों की जमकर प्रशंसा की ।

# थत्यूड़ में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

**प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के तहत हुआ आयोजन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**थत्यूड़** (टिहरी)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ में बुधवार को विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य "स्वस्थ नारीख्रस्वस्थ परिवार अभियान" को आगे बढ़ाना रहा।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य शिवि. रों के माध्यम से जरूरतमंद ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मौके पर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

शिविर में दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विधायक पंवार ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब अपने निकट के स्वास्थ्य केंद्र में सभी जांच और उपचार की सुविधा निशुल्क मिल रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि शिविर में 605 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा। साथ ही जिले में नए रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति होने पर अल्ट्रासाउंड सुविधा को रोस्टर प्रणाली से प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही विकलांगजनों के प्रमाण पत्र भी बनाए गए, जिससे लोगों को काफी सुविधा मिली। इसके साथ ही सहायक समाज कल्याण अधिकारी नवीन रावत द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 दिव्यांग जनों का न्क्प्क कार्ड आवेदन किया गया।

6 दिव्यांगों को न्क्प्क कार्ड वितरित किए गए 70 पेंशनरों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा वृद्धावस्था विधवा तथा किसान पेंशन से संबंधित समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सीता पंवार, पूर्व प्रमुख सीता रावत, उप जिलाधिकारी मंजू राजपूत, खंड विकास अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, सीएचसी प्रभारी मनीषा भारती, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक फूल दास भारती, भाजपा मंडल महामंत्री अकबीर पंवार, सोबत रावत, पृथ्वी रावत दिनेश रावत कुलबीर रावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# आपदा पीड़ितों के लिए किया राशन एयरलिफ्ट

## एसडीएम कुमकुम जोशी के नेतृत्व में आपदा प्रभावित लोगों को मिल रही है मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण देहरादून जिले के कई गांव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री से अनुमति मिलने के बाद आपदा प्रभावित गांव फुलेत, सरखेत छमरौली, सिल्ला, क्यारा और उनके आसपास के गांवों में हेलीकॉप्टर से राशन एयरलिफ्ट किया है। इन गांवों का संपर्क बाहरी दुनिया से कट गया था, जिससे लगभग 60 परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया था।

उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। प्रभावित क्षेत्रों के लिए कुल 150 किट तैयार की गईं। प्रत्येक किट का वजन लगभग 15 से 20 किलोग्राम बताया गया है, जिसमें दाल, चावल, आटा, नमक, चीनी और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। इस त्वरित कार्रवाई से हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है, जिन्होंने अपने घरों में रहते हुए भी भोजन की कमी का सामना किया। यह कदम दर्शाता है कि जिला प्रशासन किसी भी आपदा की स्थिति में लोगों की मदद के लिए पूरी तरह से तैयार है।

देहरादून की प्राकृतिक सुंदरता और मानवीय जीवन को बचाने के लिए, सरकार, प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। यह आपदा एक चेतावनी है कि हमें अपने पर्यावरण के साथ संतुलन बनाना होगा ताकि श्देवभूमिश की पहचान को सुरक्षित रखा जा सके।



### प्रशासन की मुस्तैदी और कार्रवाई

दून की शांत वादियो में अचानक आई इस आपदा में जिला प्रशासन की तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण सराहनीय रहा। मुख्यमंत्री से अनुमति मिलते ही, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी के नेतृत्व में एक टीम ने इन प्रभावित गांवों में राशन एयरलिफ्ट करने का फैसला किया। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसमें हेलीकॉप्टर के माध्यम से कुल 150 किट पहुंचाई गईं। हर किट में 15 से 20 किलोग्राम आवश्यक सामग्री, जैसे दाल, चावल, आटा, नमक और चीनी थी, जिससे प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिली। यह त्वरित प्रतिक्रिया साबित करती है कि प्रशासन ने आपदा प्रबंधन के लिए अपनी रणनीति को और भी मजबूत किया है।

### स्थायी समाधान की आवश्यकता

हालांकि एयरलिफ्ट जैसी कार्रवाई तात्कालिक राहत प्रदान करती है, लेकिन देहरादून को भविष्य की आपदाओं से बचाने के लिए और अधिक स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। इसमें बेहतर शहरी नियोजन, अनियंत्रित निर्माण पर रोक, वनों की कटाई को रोकना और जल निकासी प्रणालियों को बेहतर बनाना शामिल है। इसके अलावा, गांव के स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों को सक्रिय करना और स्थानीय लोगों को बचाव और राहत कार्यों का प्रशिक्षण देना भी महत्वपूर्ण है।

## आपदा में हिमालयी चुनौतियां और जीवन-रेखा का संघर्ष

**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून जो अपनी हरी-भरी वादियों और शांत वातावरण के लिए जानी जाती है, आज जलवायु परिवर्तन और भूवैज्ञानिक चुनौतियों के कारण एक नए संकट का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, देहरादून में आपदाओं की संख्या और तीव्रता में तेजी से वृद्धि हुई है। जहां पहले केवल भूस्खलन और नदी के उफान से कुछ गांवों में नुकसान होता था, वहीं अब यह एक व्यापक समस्या बन गई है जो शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है। चुनौतियां जो लगातार बढ़ रही हैं।देहरादून और उसके आसपास के क्षेत्रों की भूवैज्ञानिक संरचना काफी नाजुक है। हिमालय की तलहटी में स्थित होने के कारण, यह क्षेत्र अत्यधिक भूस्खलन-प्रवण है।

बेमौसम और अत्यधिक बारिश इस समस्या को और भी गंभीर बना रही है। हाल ही में, जिले के फुलेत, सरखेत, छमरौली, सिल्ला, और क्यारा जैसे गांव पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गए थे। इन गांवों में लगभग 60 परिवारों का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह से कट गया था, जिससे उन्हें भोजन और चिकित्सा सहायता की कमी का सामना करना पड़ा। यह घटना केवल एक उदाहरण है कि कैसे आपदाएं लोगों की जीवन-रेखा को अचानक काट सकती हैं। मसूरी व सहस्त्रधारा में आई आपदा के चलते तबाही का मंजर धीरे-धीरे सामने आ रहा है तो प्रेम नगर थाना क्षेत्र में भारी वर्षा के चलते टूटे पुल ने भी लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी है।आपदा से प्रभावित लोगों का कहना है कि पीड़ा के वक्त शासन प्रशासन उनकी मदद के लिए आगे आ रहा है।

## आपदा प्रभावितों की मदद में जुटे डीएम व एसएसपी

बीते दिनों भारी बारिश के कारण आई आपदा से देहरादून और उसके आसपास के इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए। आपदा की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया। 15 सितंबर की रात को, जिलाधिकारी सविन बंसल और एसएसपी सहित पूरा प्रशासनिक अमला रात भर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में दौड़ते रहे। जिलाधिकारी और एसएसपी ने लगभग 8 किलोमीटर पैदल चलकर प्रभावित गांव मजाड़ तक पहुंचे। उन्होंने खुद ग्राउंड जीरो पर रहकर रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व किया। इस दौरान, कार्लीगाड़ गांव में फंसे 70 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह गांव दोनों तरफ से कट ऑफ हो गया था और लोग 24 घंटे से फंसे हुए थे। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा पीड़ितों की मदद करना प्रशासन का कर्तव्य है और इसके लिए वे प्रतिबद्ध हैं।जिला प्रशासन ने प्रभावितों के लिए 5 होटल अधिग्रहित किए हैं। साथ ही, जो परिवार किराए पर रहना चाहते हैं, उन्हें प्रति माह 4 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। डीएम ने राहत शिविरों में जाकर पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया।आपदा राहत कार्यों के लिए एसडीएम और तहसीलदारों को भी तैनात किया गया है, जो लगातार रेस्क्यू और राहत कार्यों का संचालन कर रहे हैं। प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि प्रभावितों तक राहत सामग्री और जरूरी संसाधन बिना किसी बाधा के पहुंचें।

## स्वास्थ्य जांच को मिशन बनाएं महिलाएं: रेखा

**देहरादून ।** दून मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम के साथ ही प्रदेश भर में भी महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर शुरू हो गए। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कार्यक्रम में शिर. कत करते हुए प्रदेश की महिलाओं से मिशन मोड में इस अभियान के तहत अपनी स्वास्थ्य जांच कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की धरती से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने देश की प्रगति के लिए महिलाओं के सशक्त होने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने देश की खुशहाली के लिए महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य को अनिवार्य बताया। कार्यक्रम के बाद महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में मेडिकल शिविर चलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी किशोरियों और महिलाओं को इन शिविरों में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण अवश्य करना चाहिए। रेखा आर्या ने कहा कि महिलाएं पूरी तरह स्वस्थ होगी तो इसे पूरे परिवार की उत्पादकता बढ़ेगी और इससे प्रदेश सशक्त बनेगा। इसके पहले कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों और स्टालों का निरीक्षण किया।

# ड्रीमर्स एजु हब के छात्रों ने 80% से अधिक पास की वायुसेना पात्रता परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान ड्रीमर्स एजु हब ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए वायुसेना सामान्य प्रवेश परीक्षा (AFCAT) में शानदार सफलता हासिल की है। संस्थान के 30 छात्रों के समूह में से 24 ने यह परीक्षा पास करके 80% से अधिक सफलता दर का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



इस सफलता से संस्थान में जश्न का माहौल है। सफल होने वाले छात्रों में प्रज्ञा, आकाश, अजय, सागर, परमवीर, तुषार सारस्वत, दिव्या, शुभांगी, नवराज, अमन गैरोला, अभिषेक, मीनाक्षी, दीपिका, के. श्रीनिवास, उज्ज्वल, राधिका, अनुज, विवेक, विकास, दिव्यांशी और निपुणिका शामिल हैं। संस्थान के संस्थापक हरिओम चौधरी ने इस उपलब्धि को छात्रों और राष्ट्र की जीत बताया, जबकि सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षक मंडल को दिया। हाल ही में, संस्थान ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) और संयुक्त रक्षा सेवा (CDS) परीक्षाओं में भी अपनी अध्ययन सामग्री से लगभग 80% प्रश्न आने का दावा किया था। इसके अलावा, एक ही महीने में 35 छात्रों का राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में चयन और एक ही दिन में 6 सफल अनुशंसाओं के साथ यह राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा में रहा है।

# होटलों में शिफ्ट किए गए आपदा प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला प्रशासन ने आपदा प्रभावित 168 लोगों को स्कूलों और सामुदायिक भवनों से हटाकर अच्छे होटलों में शिफ्ट कर दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में यह कदम उठाया गया है, ताकि प्रभावितों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

कार्लीगाड के 60 प्रभावितों को हिलायन व्यूज, सेरागांव के 32 लोगों को ईरा रिजॉर्ट, और कुल्हान के 76 लोगों को हिल व्यू में ठहराया गया है। प्रशासन ने गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वास्थ्य जांच और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार, जिला प्रशासन ने प्रभावितों की हरसंभव मदद के लिए 5 होटलों को अधिग्रहित किया है।इसके अलावा, जिन गांवों का संपर्क टूट गया है, जैसे फुलेत, सरखेत, छमरौली, सिल्ला और क्यारा, वहां 150 राशन किट एयरलिफ्ट कर पहुंचाई गई हैं। प्रत्येक किट में 15 से 20 किलो की आवश्यक सामग्री है। नागल हटनाला में प्रभावित परिवारों को अहैतुक धनराशि के चेक भी वित. रित किए गए हैं।





### मसूरी आपदा राहत मे जुटा प्रशासन

**देहरादून।** मसूरी में गंभीर मरीजों को देहरादून पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद रहा। मौसम खराब होने के कारण एयरलिफ्ट की अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी ने एंबुलेंस से मरीजों को देहरादून पहुँचाया। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राशन एयरलिफ्ट फुलेत और आस-पास के गाँवों में आपदा के कारण फंसे 700 किलो राशन को जिला प्रशासन ने एयरलिफ्ट कर पहुँचाया। खराब मौसम के बावजूद यह कार्य जारी रहा और कल भी राशन भेजने की योजना है।

# एसटीएफ ने चार नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

## पकड़ा गया ड्रग पैडलरों को कफकोट, बागेश्वर से एक अंतर्राज्यीय ड्रग डीलर ने किया था ड्रग सप्लाई

**सहारा टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** फ्री देवभूमि अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ द्वारा ड्रग्स के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों में कड़ी निगरानी रखने की निर्देश दी गई थी जिसके बाद हरकत में टीम ने चार नशातस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में चरस बरामद की है।

स्पेशल ट्रांसपोर्ट के वरिष्ठ परिषद नवनीत सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना रायपुर क्षेत्र से नशे की सबसे बड़े सोचा करो को गिरफ्तार किया गया।



जिनके कब्जे से चरस की बरामदगी की गई है। जिसे यह तस्कर कफकोट, बागेश्वर से लाकर देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर अपने पैडलरों को सप्लाई करने वाले थे।

पकड़े गये चारों ड्रग तस्करों। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नशा तस्करों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम प्रियांशु नेगी पुत्र पुष्कर सिंह नेगी निवासी गुजरा. वाली कृष्ण बिहार रायपुर देहराद. न, गौतम उनियाल पुत्र देवेंद्र उनियाल निवासी नेहरुग्राम सिद्धबिहार, वर्रिसभ बुटोला पुत्र राजेन्द्र बुटोला निवासी हाल पता मारुति विहार थाना रायपुर मूल पता ग्राम श्रीकोट श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल और अंशुल रावत पुत्र विजय रावत निवासी मयूर कॉलोनी नेहरुग्राम बताए हैंस बोलने बताया कि पकड़े गए सभी चारों दिशा तस्करों के खिलाफ रायपुर थाने पर अभियोग पंजीकृत करवाया गया है जिसके बाद चारों नशा तस्करों को संबंधित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि पकड़े गए चारों नशा तस्वीरों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह पकड़ी गई चरस को कफकोट, बागेश्वर से जीवन नाम के ड्रग डीलर से कई बार ला चुके है।

## टीबी मुक्त भारत के लिए पीएम योजना: डॉ. फारूक

**देहरादून।** हिमालय वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों को पोषक तत्वों से भरपूर 100 बाजरे की किट वितरित कीं। इन किटों का उद्देश्य रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना और रोगमुक्ति में सहायता करना है। टीबी के उपचार में पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. फारूक ने रोगियों को बरसात के मौसम में निवारक उपायों के बारे में भी सलाह दी। यह पहल हिमालय वेलनेस कंपनी की समग्र स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस कार्यक्रम में देहरादून के जिला टीबी अधिकारी मुकेश रावत और दून अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# दून फायरिंग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस ने 14 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना पुरानी रंजिश के चलते हुई थी, जिसमें आरोपियों ने एक व्यक्ति को जान से मारने की को. शिश की थी।

शिकायतकर्ता आसिफ मलिक ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने दोस्त के साथ लाल पुल से सहारनपुर चौक की ओर जा रहा था, तभी एक काले रंग की किआ कार में सवार लोगों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका और जान से मारने की नीयत से उन पर दो बार फायरिंग की। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने



सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से तीन आरोपियों - यश ठाकुर, देवराज और प्रिंस रोसवाल को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई किआ सॉनेट कार भी बरामद हुई है।पूछताछ में मुख्य आरोपी यश ठाकुर ने बताया कि उसकी और उसके साथियों की आसिफ से पुरानी दुश्मनी थी, जिसके कारण उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में कुल सात लोग शामिल थे, जिनमें से दो अन्य आरो. पियों (भानु और उधम प्रधान) को हरिद्वार पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बाकी दो फरार आरो. पियों - ऋतिक और सागर - की तलाश जारी है।

# पेयजल लाइनों को जल्द ठीक करने के सचिव ने दिए निर्देश

## सचिव शैलेश बगोली ने क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से पेयजल लाइनों का भी भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर आपदा के कारण पेयजल लाइन भी टूट गई हैं जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग शैलेश बगोली ने विभागीय अधिकारियों के साथ बीजापुर, बांदल, केसरवाला, पुरकुल एवं शहंशाही हैड तथा इनसे जुड़ी क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों का निरीक्षण किया और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि 16 सितम्बर को आई आपदा से इन स्रोतों की आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिसके चलते डी.एल. रोड, करनपुर, कालिदास रोड, न्यू कैंट रोड, राजपुर, चुक्खूवाला, लोअर रायपुर, किद्. वाला, पुरकुल गांव, सलोनी गांव, जाखन, विजयनगर, ढाक पट्टी आदि क्षेत्रों की लगभग 2.35 लाख की आबादी प्रभावित हुई है।



### हेल्पलाइन नंबर

पेयजल से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए विभागीय कंट्रोल रूम नंबर 18001804100 एवं हेल्पलाइन 1916 जारी किए गए हैं।

सचिव ने निर्देश दिए कि बीजा. पुर, बांदल एवं केसरवाला हैड से आपूर्ति व्यवस्था 17 सितम्बर की सांय तक अस्थायी रूप से शुरू कर दी जाए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 18 सितम्बर की प्रातः तक लगभग 1.35 लाख लोगों को पेयजल आपूर्ति मिल जाएगी, जबकि शेष स्रा. तों का कार्य 18 सितम्बर की सांय तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद 19 सितम्बर की प्रातः तक शेष 1 लाख लोगों को भी जलापूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।

## हरदा, प्रीतम व विक्रम सिंह ने लिया राहत कार्यों का जायजा

**देहरादून।** पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह और प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने एमडीडीए कालोनी डालनवाला में आई विभीषिका से लोगों के घर दुकानों में मलबा आने से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि देहरादून में भी काफी नुकसान हुआ है हमारी संवे. दनाएं प्रभावित परिवारों के प्रति है। उन्होंने राहत कार्यों का जायजा लिया और प्रभावितों से मुलाकात की। हरीश रावत ने कहा कि आपदा एक चुनौती है। प्रदेश में भयंकर आपदा आई हुई है जिसका जायजा लेकर सरकार राहत राशि बांटे। उन्होंने कहा कि सरकार को आपदा नियमों में बदलाव करके तत्काल सहायता उपलब्ध करवाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता टीटू त्यागी, पार्षद रॉबिन त्यागी, पूर्व पार्षद आनंद व त्यागी महेश जोशी आदि मौजूद थे।

# सरकारी शिक्षा नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

## पुलिस ने सीएम आवास कूच को रोका, सड़क पर बैठ गए धरने पर शिक्षक



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में शिक्षा विभाग की नीतियों के विरोध में शिक्षकों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती और प्राथमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ बुधवार को राजकीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच किया। शिक्षकों के इस विरोध-प्रदर्शन को रोकने के लिए सुभाष रोड पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने जब शिक्षकों को आगे बढ़ने से रोका, तो वे वहीं सड़क के बीच में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान आईपीएस सीओ सिटी कुश मिश्रा सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीम अपूर्व सिंह, सीओ विवेक कुटियाल,सीओ ट्रैफिक सहीत नगर कोतवाल एवं भारी पुलिस बल प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को रोकने में जुटा रहा।

शिक्षक संघ का कहना है कि प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती से पदोन्नति के अवसर कम हो जाएंगे। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से प्रधानाचार्यों के पदों पर सीधी भर्ती का विरोध करने के लिए किया गया। इसके अलावा, राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने यह भी मांग की है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त किए गए शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए।

शिक्षक संघ की प्रांतीय तदर्थ समिति के सदस्य गोविंद सिंह बो. हरा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद से शिक्षक अपनी पदोन्नति और सेवा को लेकर बहुत चिंतित हैं, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं।

उन्होंने सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। अपनी मांगों को लेकर शिक्षक सुभाष रोड स्थित एक विद्यालय के पास धरने पर बैठे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र मोहिन खान आयु 28 वर्ष मेरे कहने सुनने में नहीं है। में अपने पुत्र को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा भविष्य में किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन का मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मरगूब अहमद पुत्र युसूफ हुसैन**
**पता-35/317 लक्खीबाग**
**देहरादून।**

# फायरिंग करने वाला पिल्ला गैंग सरगना एलएलबी का छात्र गिरफ्तार

## गैंग से जुड़े सभी व्यक्तियों की कुंडली खंगालने में जुटी पुलिस, दो अन्य आरोपी भी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े जूस संचालक पर फायरिंग करके सनसनी फैलाने वाले पिल्ला गैंग के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को सीज कर दिया है। पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि सोमवार को कुछ व्यक्तियों द्वारा जगजीतपुर कनखल के इलाके में जगह-जगह फायरिंग कर दहशत का माहोल बनाया गया जिसमे वादी मनोज कुमार पुत्र की शिकायत पर नामजद युवकों द्वारा वादी की दुकान के बाहर जान से मारने की नियत से



दो फायरयर करे जिसमें व्यक्ति बाल बाल बचने व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपियों की पकड़ने के लिए टीम गठित की गई।

टीम द्वारा पूछताछ की गई तो सामने आया कि घटना पिल्ला गैंग के सदस्यों द्वारा की गई है। जिनका लीडर संरक्षक भानु गैंग के सदस्यों को संरक्षण देकर जगह-जगह अपराधिक घटनाएं करता करवाता है और अपने व गैंग के सदस्यों की माननीय न्यायालय में पैरवी कर जमानत करने का काम भी देखता है।

मंगलवार को गठित पुलिस टीम ने गैंग के ठिकानों पर दबिश देकर मुख्य आरोपी को बैरागी कैंप को जाने वाले रास्ते पर असलाह के साथ गिरफ्तार कर लिया। कनखल थाना प्रभारी रविंद्र शाह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कुछ दिनों पहले पिल्ला गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर देहरादून में भी आसिफ उर्फ बाबा पर सहारनपुर चौक देहरादून पर जान से मारने की नीयत से फायर किया था। कनखल में लड़कों को भेज कर जगह-जगह गोली चलवाई थी जिससे कि विपक्षियों में भय का माहौल पैदा हो जाए। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने नाम भानू भारद्वाज पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम भोगपुर थाना कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया है।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह, व0उ0नि0 नितिन चौहान, उ0नि0 शुधान्शु कौशिक, कां. सतेन्द्र सिह रावत, कां. प्रलव चौहान, कां. उमेद सिह शामिल रहे।

# मनसा देवी पर्वतमाला के ट्रीटमेंट की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रान्तीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर मां मनसा देवी से उनकी दीर्घायु की कामना की और सरकार से मनसा देवी पर्वतमाला के शीघ्र ट्रीटमेंट करने की मांग की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा कि मंगलवार को हुई बरसात के दौरान काशीपुरा से नई बस्ती तक हिल बाईपास पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और पैदल चलने लायक भी नहीं रहा है। आगे यदि तेज बारिश होती है तो पूरा मलबा बाजार में कहर बरपा सकता है। त्रिवाल ने आपदा प्रबंधन विभाग से वन विभाग से समन्वय कर मलबा हटाने तथा सुरक्षा दीवार बनाकर सड़क को चालू करने की मांग की। संरक्षक तेज प्रकाश साहू ने कहा कि मनसा देवी हिलबाई पास पर सड़क नाम की कोई चीज



ही नहीं बची है। केवल पहाड़ियों के सहारे स्थानीय नागरिक अपनी जान हथेली पर रखकर आ जा रहे हैं। प्रसाद बेचने वालो का पूरा व्यवसाय ठप्प हो गया है। जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया हैं। इसलिए जल्द से जल्द पर्वत माला का ट्रीटमेंट कर बाजारों पर मंडरा रहे संकट को दूर किया जाए, ताकि शहर सुरक्षित हो सके।

# बहुजन क्रान्ति मोर्चा ने दिया सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मूल निवासी बहुजन समाज के मौलिक अधिकारों एवं संवैधानिक अधिकारों तथा अन्याय व अत्याचार के विरोध में बहुजन क्रांति मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना दिया और राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। धरने को सम्बोधित करते हुए बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह ने कहा कि मूल निवासी बहुजन समाज के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। धर्म परिवर्तन के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी के बेगुनाह लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। पत्रकारों पर जानलेवा हमला किए जा रहे हैं। भंवर सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। एससी, एसटी, ओबीसी के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ दिया जाए। ओबीसी के साथ सभी जाति समूहों की जाति आधारित जनगणना की जाए। ईवीएम को बैन कर सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। उन्होंने बताया कि मांगों को लेकर आंदोलन के अगले चरण में 25 सितम्बर को जेल भरो आंदोलन और 15 अक्टूबर को जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी। धरने को उत्तराखंड बामसेफ के प्रदेश प्रभारी हेम सिंह राहुल, राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पास्टर सुरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय मूल निवासी अत्यंत पिछडी अनुसूचित जाति जागृति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र श्रमिक, बहुजन क्रांति मोर्चा के जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्याय जितेंद्र तेश्वर, जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार, जिला सचिव पास्टर रवि, जिला सचिव रमेश चंद, भारत मुक्ति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर आदित्य आदि ने भी संबोधित किया।

# सेवा पखवाड़ा के अभियान के तहत नगर पालिका शिवालिक नगर ने चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रमों की कड़ी में नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इसके उपरांत नगर पालिका कार्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में श्रमदान कर सफाई की गई तथा अनेक छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही स्वयं हाथ में झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया था। उनका यह कदम केवल प्रतीकात्मक नहीं था, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का आरंभ था, जिसने देश को स्वच्छता की दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन के मार्ग पर अग्रसर किया। राजीव शर्मा ने जानकारी दी कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक स्वच्छता महाअभियान के साथ साथ ही रक्तदान शिविर, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जनजागरूकता कार्यक्रम,प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, विद्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर स्वच्छता संवाद जैसे विविध जनकल्याणकारी आयोजन सम्मिलित होंगे। नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि उनका संकल्प है कि पूरा नगरपालिका क्षेत्र स्वच्छ भारत मिशन के आदर्शों को पूरी तरह



आत्मसात करे। इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि नगरपालिका को 2021-22 में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त हुए, जो नगरवासियों के सहयोग एवं समर्पण का प्रतीक हैं। इस अवसर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, मंडल महामंत्री पंकज चौहान व अंशुल शर्मा,अधिशासी अधिकारी तारीक खान, रजत, पवन, शारूख, प्रीति, मीना, सचिन, अजित, शिवम कार्यकर्ता बंधु व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में नाबालिग किशोरी का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। वरिष्ट उप निरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि बीते 12 सितंबर को ज्वालापुर निवासी ने लिखित तहरीर देकर बताया कि 15 वर्षीय पुत्री के घर से बिना बताए कही चली गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर करने के बाद घटना स्थल पर पहुंच कर सीसीटीवी कैमरे चौक करने के बाद मुखबिर से पता चला कि एक युवक नाबालिक को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस टीम ने देहरादून से नाबालिग को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मंगलवार को आरोपी को हर्ष पुत्र कन्हैया निवासी सोसा मंडी, राजघाट, थाना कनखल, हरिद्वार



से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनयम की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौक प्रभारी उपनिरीक्षक नवीन नेगी, उपनिरीक्षक सोनल रावत, कांस्टेबल सुरेंद्र तोमर, बृजमोहन और प्रमोद पुरोहित शामिल रहे

# ड्रग्स इंस्पेक्टर ने छापेमारी कर दो मेडिकल स्टोरों को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** अपर आयुक्त के आदेशानुसार ड्रग्स इंस्पेक्टर मेघा व पुलिस टीम द्वारा औषधि दुकानों पर लगातार औचक निरीक्षण व छापेमारी की कार्रवाई के दौरान दो मेडिकल स्टोर को अग्रिम कार्यवाही तक सील किया गया है।

मंगलवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर सुश्री मेघा एवं सुल्तानपुर चौकी प्रभारी बिजेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने लक्सर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनभर मेडिकल स्टोर्स का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 2 दुकानें बिना वैध ड्रग लाइसेंस के संचालित पाई गई। दोनों दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करवाते हुए संचालकों को 15 दिन का समय दिया गया है ताकि वे अपना वैध ड्रग लाइसेंस प्रस्तुत कर सकें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ड्रग्स इंस्पेक्टर अनिता भारती ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त चेतावनी एवं स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य है। केवल वैध ड्रग लाइसेंस होने की स्थिति में ही दुकान का संचालन किया जा सकता है। बिना लाइसेंस अथवा फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय गंभीर अपराध माना जायेगा, यह भी अवगत कराया गया कि भविष्य में यदि किसी भी दुकान पर नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध शख्त कार्यवाही की जाएगी।

# तीन संकुलों की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

### प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** तीन संकुलों की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन आज फुटबॉल मैदान जमालपुर में किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

संकुल ऋषिकुल, जमालपुर एवं खड़खड़ी के विद्यालयों के लिए आज खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन फुटबॉल ग्राउंड जमालपुर में किया गया। प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग की 50 एवं 100 मीटर दौड़ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय 28 की छात्रा छाया एवं नंदिनी ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग जूनियर स्तर पर आयोजित 100 मीटर की दौड़ में



मनु मंदिर स्कूल की सरिता प्रथम एवं खुशबू दूसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग की 50 मीटर की प्रतिस्पर्धा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय 28 के अंकित प्रथम एवं 34 नंबर विद्यालय के विशाल दूसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर की दौड़ में एस.पी. ए. के आरव प्रथम एवं 28 नंबर विद्यालय से अंकित द्वितीय रहे। 200 मीटर की दौड़ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय 28 के कार्तिक प्रथम एवं हर्षदीप द्वितीय रहे। लंबी एवं ऊंची कूद में मनु मंदिर के दो छात्र प्रियांशु का दबदबा रहा वह दोनों वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। खोखो बालिका वर्ग में मनु मंदिर जूनियर हाई स्कूल, बालक वर्ग में एसपीए जमालपुर एवं कबड्डी में जूनियर स्कूल गाड़ोवाली ने अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस अवसर पर बीआरसी समन्वयक मुकेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में अजय शर्मा, श्रीकांत शर्मा, लेखा समिति शिवाली, राखी कुल, मणिका त्यागी, विजयलक्ष्मी, कुमुद चौहान, माला गिल, दौड़ प्रभारी नरेंद्र मैठाणी, मधुसूदन गैरोला, राजेश गोला, खोखो प्रभारी विनोद रौथान, धनवीर सिंह, डॉ. शिवा अग्रवाल, कबड्डी में मनोज सहगल, शरद भारद्वाज, प्रवेंद्र सक्सैना, ताहिर, नागेंद्र सक्सैना, रवि गोस्वामी, खेल समन्वयक राजेश भट्ट, संजीव बोरी, नरेंद्र मैठाणी, कमल चौहान, तेज प्रकाश आदि ने सहयोग प्रदान किया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता गुरुकुल महाविद्यालय में 19 एवं 20 सितंबर को आयोजित होगी।

# सिडकुल पुलिस ने 7 जुआरी गिरफ्तार कर भेजे जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए हरिद्वार पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर कोतवाली सिडकुल पुलिस ने बीती रात्रि शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान ब्रह्मपुरी स्थित केटीसी बिल्डिंग के पास एक खंडहर में छापेमारी की। यहां सात व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। मौके से 59,000 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजन पुत्र अनिल कुमार निवासी शिवालिक नगर रानीपुर, विजय पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम तिलफरा (सहारनपुर), आकाश पुत्र स्व.



प्रेमचंद निवासी बाल्मीकि बस्ती रामधाम कॉलोनी, टीकम पुत्र यशपाल निवासी ग्राम उकराऊ (सहारनपुर), आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र सत्तार निवासी गढ़ मीरपुर रानीपुर, शुभम पुत्र कंवर सिंह निवासी गदरजुड़ा (मंगलौर) और विपिन पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी रावली महदूद शामिल हैं। सिडकुल पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनिल बिष्ट, हेड कांस्टेबल सुनील सैनी, विवेक यादव, संजय तोमर, कांस्टेबल अनिल कंडारी, सुनील कुमार और प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों ने सड़क बंद कर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पथरी क्षेत्र के गांव धनपुरा में पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों ने गांव के बीच निकल रही सड़क को बंद कर जाम लगा दिया है। रास्ता बंद होने से आनेजाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची फेरुपुर पुलिस ने रास्ते से बल्ली हटवाकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर नाले की सफाई नहीं करवाने का आरोप लगाया है।

बुधवार को गांव धनपुरा में पंचायत घर के पास कुछ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर नालो की सफाई नहीं कराने का आरोप लगाते हुए गांव के बीच से मेन रोड पर बल्ली एव रस्सी बान्दकर रास्ते पर जाम लगा दिया। जिससे राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मेन रोड बंद होने पर किसी



ने जाम लगाने की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुँची फेरुपुर चौकी पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर घंटों लगे जाम को खुलवाया। इस दौरान आनेजाने वाले राहगीरों की दोनों ओर भीड़ जमा हो गई।

फेरुपुर चौकी प्रभारी अशोक सिरसवाल ने बताया पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया था जिसको मौके पर जाकर खुलवाया गया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोव तस्लीम ने बताया अभी नाले की सफाई करा देंगे बरसात के बाद नाले को सीधा करके पक्का नाला बनवाया जायेगा जिससे ग्रामीणों को पानी की निकासी की समस्या से राहत मिलेगी और किसी के घरों में पानी भी नही भरेगा।

# शहर में अपराधी तमंचा लेकर घूम रहे शक होने पर पुलिस ने कारवाई की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस को मिली सफलता देर रात चौकिंग के दौरान एक युवक को 12 बोर के साथ दबोचा है। उ0नि0 अर्जुन कुमार ने बताया मंगलवार रात चैकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक पुलिस कर्मियों को देखकर बाइक मोड़ने लगा। जिसपर पुलिस को शक हुआ की यह संदिग्ध हो सकता हैं जिसके बाद पुलिस ने तेजी व फुर्ती दिखाते हुए युवक को धर दबोचा। पुछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम दीपक कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम जिनोल थाना कम्पिल जिला फरुखाबाद बताया। जिसकी तलाशी मे एक देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुई। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उ.नि. अर्जुन कुमार, कां. जयदेव, कां. महेन्द्र तोमर, कां. हरीशा राणा व कां. दीपक रावत शामिल रहे।

# अखाड़ा परिषद ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

## भारतीय राजनीति के नायक और देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं पीएम मोदी : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के संयोजन में संतों ने मां मनसा देवी की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री की दीर्घायू की कामना की और 75 किलो लड्डू वितरित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि भारतीय राजनीति के नायक और देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है और पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से अयोध्या में राममंदिर का निर्माण पूरा हुआ। जिससे सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन को बल मिला है। उन्होंने कहा कि मां मनसा देवी की कृपा और संत समाज के



आशीर्वाद से प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, स्वामी अनंतानंद, महंत दर्शन भारती, महंत राज गिरी, मनसा देवी मंदिर के ट्रस्टी अनिल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


### सूचना ( खोया-पाया )

एक भूखण्ड जो स्थित सलेमपुर महदूद द्वितीय परगना ज्वालापुर व जिला हरिद्वार में है, जिसका पंजीकरण बही नं0 1, जिल्द 4501 के पृष्ठ 383 से 404 पर क्रमांक 4662 दिनांक 17.07.2018 को उपनिबंधक कार्यालय हरिद्वार प्रथम में पंजीकृत है। जो वास्तव में कहीं गुम हो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। श्रीमती कुन्ती पत्नी श्री सुरेश झबरपुर हरिनगर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।

### सूचना ( संबंध विच्छेद

मेरा पुत्र इमरान खान व पुत्र वधु आरजू मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिस कारण मैंने उनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके द्वारा किसी भी कृत्य व लेने-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमती रेशमा खातून पत्नी मौ. इन्तजार निवासी मकान नं0-437, फारूख कॉलोनी, रामपुर चुंगी रूडकी, थाना कोतवाली गंगनहर रूडकी, जनपद हरिद्वार।


# भक्तों ने मनाया भगवान विश्वकर्मा के साथ मोदी का जन्मोत्सव

### डा. संतोषानंद देव के जन्मोत्सव की धूम

**संतोष कुमार/शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर डा. स्वामी संतोषानंद देव के सानिध्य में एवं पूर्वांचल उत्थान संस्था के सदस्य धर्मेंद्र शाह के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इसी के साथ भक्तों ने महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव को उनके जन्मदिवस के पूर्व शुभकामनाएं दी। भगवान विश्वकर्मा एवं प्रधानमंत्री मोदी के जन्मोत्सव पर मंगलवार को हवन पूजन, संत सम्मेलन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसी के साथ भक्तों ने केक काटकर प्रधानमंत्री मोदी और डा. संतोषानंद देव को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डा. स्वामी संतोषानंद देव ने कहा कि महान शिल्पी कार भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भक्तों ने केक काटकर शानदार ढंग से मनाया। उन्होंने कहा कि युगांत-कारी निर्णयों, अद्वितीय कार्यशैली और



दूरदर्शी नेतृत्व से मां भारती का गौरव बढ़ाने वाले, नए भारत के शिल्पकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अथक परिश्रम, अटूट संकल्प और राष्ट्रप्रथम की भावना ने भारत को अभूतपूर्व ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। उनके नेतृत्व में भारत सुधारों की नई गाथाएं रचते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और 'विकसित भारत' के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूरा देश उनका यशोगान कर रहा है। वें हनुमान जी महाराज बाबा केदारनाथ और माँ गंगा से प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करते हैं और उनके नेतृत्व में भारत प्रगति पथ पर निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करता रहे, यही कामना है। धर्मेंद्र साह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में साध्वी नेहा आनंद देव, महंत आलोक गिरी, पं राजेन्द्र अवस्थी, स्वामी ओमप्रकाश, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत, निशान्त चौधरी (प्रदेश मीडिया प्रभारी) उदयवीर सिंह (प्रदेश महासचिव), राजीव शर्मा कार्यकर्ता, सिमरन, दीनानाथ साह, पुष्पा देवी, पुण्य देव भगत, मनोज साह, काली प्रसाद शाह, विकास झा, अवधेश झा, संतोष कुमार, अमिता चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पहाड़ों पर अंधाधुंध निर्माण से आई आपदा प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवजनित आपदा

**रोहन/शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हाल ही में पहाड़ों पर आई आपदा को लेकर लोगों के बीच गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगो का मानना है कि यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि मानवजनित (Man&Made Disaster) है।

पहाड़ों पर हो रहे अंधाधुंध निर्माण-चाहे वह कानूनी हो या अवैध ने प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ दिया है। अवैज्ञानिक ढंग से हो रहे इन निर्माण कार्यों की वजह से न केवल पहाड़ कमजोर हो रहे हैं बल्कि हर बारिश और हलचल के साथ भूस्खलन, नदियों का मार्ग बदलना और गांव-शहरों का तबाह होना अब आम हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को इस पर सख्त कदम उठाने चाहिए। जिन लोगों ने पहाड़ों पर अनियंत्रित निर्माण किया है, उनसे ही इस आपदा से हुए नुकसान की भरपाई (त्मबवअमतल) की जानी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान में सरकार इसके उलट कर रही हैख्उसी निर्माण से जुड़े लोगों को मुआवजा बांटा जा रहा है। सवाल यह है कि जब गलतियों के कारण आम जनता तबाही झेल रही है तो क्या मुआवजा वाकई सही हाथों में जा रहा है? या फिर इस पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी को ही बढ़ावा मिल रहा है। लोगो का सुझाव है कि अब वक्त आ गया है जब सरकार को कड़े नियम बनाकर पहाड़ों पर होने वाले अवैज्ञानिक निर्माण पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए, तभी भविष्य की आपदाओं से बचाव संभव है।


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला, 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया पीड़िता को 5 लाख रुपये प्रतिकर देने के आदेश, गवाही और साक्ष्यों के आधार पर हुई सजा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल का कठोर कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने आदेश दिया कि यदि अर्थदंड जमा नहीं किया जाता तो आरोपी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही राज्य सरकार को पीड़िता को बतौर प्रतिकर 5 लाख रुपये की धनराशि देने के निर्देश दिए गए हैं।

विशेष लोक अभियोजक महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि 6 अप्रैल 2023 को घनसाली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी की तहरीर दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि 5 अप्रैल को पीड़िता कुछ दस्तावेज बनाने के लिए घर से घनसाली गई थी, लेकिन देर रात तक लौटकर नहीं आई। जब उसकी तलाश की गई तो कोई सुराग नहीं मिला और फोन भी स्विच ऑफ मिला।

इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 9 अप्रैल को पुलिस ने पीड़िता को आरोपी जसपाल सिंह, निवासी कस्तल, के साथ बरामद कर गिरफ्तार किया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया और आरोपी को 10 अप्रैल को जेल भेज दिया गया।

जांच के दौरान पीड़िता ने बताया कि वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी और फेल हो जाने के कारण मानसिक रूप से परेशान थी। इस दौरान उसकी पहचान जसपाल सिंह से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बात. चीत होती रहती थी। आरोपी होटल में नौकरी करता था और उसने पीड़िता को शादी कर विदेश ले जाने का झांसा दिया। 5 अप्रैल को वह आरोपी के साथ घनसाली से नई टिहरी गई, जहां एक मंदिर में दोनों ने शादी करने का दावा किया। इसके बाद वे नरेंद्रनगर के एक होटल में रुके, जहां आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। 9 अप्रैल को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और 6 जून को आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र अदालत में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों, दस्तावेजों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को कठोर सजा देने की मांग की। बचाव पक्ष ने भी अपनी दलीलें पेश कीं।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अमित कुमार सिरोही की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों और पेश किए गए साक्ष्यों पर विचार करने के बाद आरोपी जसपाल सिंह को दोषी मानते हुए 10 साल का सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत का यह फैसला नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है।

## मोदी के जन्मदिवस पर पणंखेत में चला सफाई अभियान

**चकराता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पणंखेत गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने सफाई अभियान चलाया। अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि की सराहना की गई। बचना शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं, जिनसे देश के आम नागरिकों को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी के जन्मदिवस पर हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

# केंद्र और राज्य सरकारें प्रभावितों के प्रति गंभीर: सांसद

शाह टाइम्स संवाददाता



**श्रीनगर।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने बुधवार को श्रीनगर पहुंचकी फरासू एवं घस्या महादेव टीचर्स कॉलोनी के भूस्खलन क्षेत्र स्थलीय निरीक्षण किया। सांसद बलूनी ने मौके पर पहुंचकर आपदा प्रभावित परिवारों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि इस समय की भीषण प्राकृतिक आपदा ने पूरे उत्तराखंड को झकझोर कर रख दिया है। कई परिवार विस्थापन और कठिनाइयों से जूझ रहे हैं, जिसके समाधान हेतु केंद्र और राज्य सरकारें पूरी गंभीरता से प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि फरासू क्षेत्र की सड़क का जायजा लेते हुए कि जीवीके झील के चलते हो रहें भूकटाव को रोकने और सही करने के लिए एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) विभाग ने टीएचडीसी को आंगणन तैयार करने को कहा था। टीएचडीसी द्वारा 54 करोड़ रुपये का आंगणन बनाया गया है, जिसी स्वीकृति मिलते ही सड़क निर्माण और ट्रीटमेंट का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिससे चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों व स्थानीय लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बाद सांसद बलूनी घस्या महादेव टीचर्स कॉलोनी पहुंचे, जहां हाल ही में भूस्खलन से कई परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और तुरंत राहत व स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। गढ़वाल सांसद सांसद ने आरवीएनएल के सीपीएम अजीत यादव से फोन पर बात कर प्रभावित क्षेत्र के लिए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सांसद बलूनी ने भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव सहयोग करेंगे। जिससे प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और आने वाले दिनों में ऐसी परिस्थितियों से लोगों को जूझना न पड़े। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, भाजपा पौड़ी जिला महामंत्री गणेश भट्ट, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, भाजपा नेता रामकृष्ण रतूड़ी, वासुदेव कंडारी, संदीप गुसांई सहित आदि मौजूद थे।

## पालिका विकासनगर ने आवारा कुत्तों को ट्रीटमेंट के लिए उठाना शुरू किया

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** नगरपालिका विक. ासनगर ने शहर के आवारा कुत्तो को ट्रीटमेंट के लिए उठाना शुरू किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पालिका विकासनगर ने एचएसआई इंडिया एनजीओ से अनुबंध करने के पश्चात विकासनगर शहर के आवारा कुत्तो को पकड़कर एआरवी सेंटर देहरादून भेजना शुरू कर दिया है, जहां इन कुत्तो की नसबंदी व रैबीज टीकाकरण के बाद वापस उसी स्थान जहां से उठाकर ले गए है भेजा जाएगा। एनजीओ ने पालिका प्रशासन के सहयोग से रसूलपुर व दुर्गा विहार से 10 आवारा कुत्तो का उठाया गया। यह अभियान पालिका विकासनगर द्वारा चलाया जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2021-22 में भी अभियान चलाया गया था जिसमें पालिका क्षेत्र के 1114 आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण कराया गया था। टीम में एआरवी सेंटर देहरादून के कर्मचारी व पालिका की ओर से सुपरवाईजर सुभाष, प्रभारी लिपिक शिव कुमार मौजूद रहे।

## पीएम के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**सेलाकुई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला देहरादून ग्रामीण के जिला कार्यालय सेलाकुई में सुभारती अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 80 लोगों ने रक्तदान किया व 145 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया।इस दौरान जिलाध्यक्ष मीता सिंह, सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, बलवीर कुनियाल, भुवन जी, जिला महामंत्री यशपाल सिंह नेगी, अमित डबरालयुवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय तोमर, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, दयानंद जोशी, नरेश चौहान, नवीन रावत,आदि उपस्थित थे।

# एनएसयूआई ने मोहित और छात्रम ने अभिषेक को मैदान में उतारा

शाह टाइम्स संवाददाता



**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में आगामी 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव से पूर्व बुधवार को एनएसयूआई ने महासचिव और छात्रम छात्र संघठन ने उपाध्यक्ष पद पर प्रत्याशी घोषित किये। पत्रकार वार्ता कर एनएसयूआई ने महासर्रा. चव पद पर मोहित राणा और छात्रम ने उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक घिल्डियाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज नेगी ने कहा कि संघठन पूर्व से ही छात्रहितों की मांगों को लेकर सकारात्मक लड़ाई लड़ता आया है।

नेगी ने बताया कि पूर्व में भी छात्र-छात्राओं की उम्मीदों पर संगठन ने सालभर काम किया है। पूर्व महासचिव आँचल राणा ने कहा कि संघठन ने विवि में सीयूईटी परीक्षा केंद्रों के निर्धारित होने,अतिथि शिक्षकों की लड़ाई,छात्रहितों के हर मुद्दों को लेकर वह सक्रिय रही हैं।प्रत्याशी मोहित राणा ने छात्र हितों सहित विवि के भीतर शैक्षणिक माहौल को बनाये रखने पर जोर दिया। इधर छात्रम छात्र संगाठन के पूर्व उपाध्यक्ष सुजीत गैरोला, अजय पुंडीर, अनमोल भंडारी, अमन काला ने बताया कि लगातार संघठन अपनी जीत का परचम लहराता आया है। कहा कि इस बार भी संघठन मजबूती से जीत दर्ज करेगा।प्रत्याशी अभिषेक घिल्डियाल ने बताया कि वह छात्रों के हर मुद्दे पर मुखर रहेंगे। मौके पर शुभमदीप गोस्वामी, भूमिका जोशी, रुपेश नेगी,अमन पँवार आदि मौजूद रहें।

## एक नजर .......

### आसन नदी में एक व्यक्ति का शव बरामद शिनाख्त को मोर्चरी में रखवाया



**विकासनगर।** विकासनगर क्षेत्रांतर्गत आदूवाला आसन नदी में एक व्यक्ति के शव बरामद हुआ है, जो नदी में बहकर आया है, पुलिस ने बताया कि संभवत: उक्त शव आपदा में हुई जनहानि से संबंधित है। जिसका हुलिया कद करीब 5 फीट 6 ईंच, नाक, कान औसत, चेहरा भरा हुआ, हल्की दाढ़ी मूछ, उम्र लगभग 30-35 वर्ष, गले में काले रंग का धागा। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी विकासनगर में शिनाख्त के लिए रखा गया है। यदि किसी थाना क्षेत्र से संबंधित हो तो थाना विकासनगर को सूचित करें।

### ग्राम पंचायत ढालीपुर नशा छोड़ने वालों को करेगी सम्मानित

**विकासनगर।** ग्राम पंचायत ढालीपुर में एक विशेष नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य गाँव को नशे की बुराइयों से मुक्त कर एक स्वस्थ, स्वच्छ और समृद्ध समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो० खालिद प्रधान ग्राम पंचायत ढालीपुर ने की तथा कनिष्क उप प्रमुख अनिल तोमर, पूर्व ब्लाक प्रमुख जसविंदर सिंह (बिट्टू) पुलिस क्षेत्र अधिकारी विकासनगर भास्कर शाह, चौकी इंचार्ज हरबर्टपुर सनोज कुमार, मोहम्मद इसबद्दीन चौधरी, मोहम्मद राशिद, चौधरी कामिल, मुनेश कश्यप, विभोर गुप्ता, रियासत अली पंचायत सदस्यों, स्थानीय और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति पर जागरूकता फैलाने हेतु वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे नशा व्यक्ति, परिवार और समाज कृ तीनों के लिए घातक है।पंचायत में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ कि ग्राम पंचायत में किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाएगा। स्कूलों और समुदाय स्तर पर समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। नशा छोड़ने वाले लोगों को पंचायत द्वारा सम्मानित किया जाएगा और उन्हें मुख्यधारा में लाने हेतु सहायता प्रदान की जाएगी।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**चकराता।** चकराता वन प्रभाग के अंतर्गत वानिकी प्रशिक्षण केंद्र, रामपुर मंडी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री के दूरदृष्टि एवं राष्ट्रहित के संकल्पों से प्रेरणा लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कनिष्ठ प्रमुख अनिल तोमर, वन क्षेत्राधिकारी सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### 167 लोगों को दी गई नि:शुल्क दवाइयां

**विकासनगर।** भाजपा विकासनगर शहर मण्डल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के शुभावसर पर 'सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) के अंतर्गत विकासनगर शहर मण्डल अध्यक्ष शुभम गर्ग की अध्यक्षता में डाकपत्थर ग्रामसभा में ग्राफिक एरा हॉस्पिटल की माध्यम से आयोजित 'नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 167 लोगों का स्वास्थ्य चेक अप कर नि:शुल्क दवाईया भी दी गई।स्वास्थ्य शिविर में वन पंचायत अध्यक्ष (राज्य मंत्री) नारायण ठाकुर, संतोष रावत, सचिन बंसल, सुनीता गुलेरिया, यामीन, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने बचाया युवक

**श्रीनगर।** नैथाणा-श्रीनगर मोटरपुल से मंगलवार देर रात्री एक युवक ने लगा दी। इसी दौरान पुल में मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि मंगलवार रात्री करीब 11 बजे नैथाणा-श्रीनगर मोटरपुल से नशे में घुत एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने युवक को कड़ी मशक्कत के साथ बचाया।

# लंबगांव में बंदरों का आतंक, व्यापारियों ने की ठोस कार्रवाई की मांग

**व्यापार मंडल ने नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, कहा-बंदरों से बढ़ रहा खतरा बंदरों के हमलों से दहशत में लोग, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी/लंबगांव।** नगर पंचायत लंबगांव क्षेत्र में बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों का जीना मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ती इस समस्या को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ से मिला और ज्ञापन सौंपकर बंदरों से निजात दिलाने की मांग की।

व्यापारियों का कहना है कि नगर क्षेत्र में बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आए दिन झुंड बनाकर बाजार के आसपास घूमने वाले ये बंदर राहगीरों, खासकर स्कूली बच्चों और महिलाओं पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। अब तक दर्जनों लोग बंदरों के काटने से घायल हो चुके हैं, जिससे नगरवासी भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार वन विभाग और शासन-प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संबंधित विभाग जल्द ही बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कदम नहीं उठाते, तो उन्हें उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि बंदरों की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और शीघ्र ही प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। बैठक के दौरान उन्होंने व्यापार मंडल लंबगांव की नवीन और निवर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का नगर पंचायत कार्यालय में शॉल ओढ़ाकर सम्मान भी किया और नगर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, निवर्तमान अध्यक्ष युद्धवीर राणा, महामंत्री सुरेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष अमन राणा, उपाध्यक्ष उदयवीर नेगी, सचिव विजय धनाई, संरक्षक पवन राणा, आशीष रावत, संदीप रमोला, सौरभ रावत, कविराज बगियाल, सुखदेव जोशी, दिनेश सिंह, चंद्रवीर सिंह, राजबीर सिंह, महिपाल सिंह, राजपाल पंवार सहित कई पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।व्यापार मंडल ने नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, कहा-बंदरों से बढ़ रहा खतरा

## विश्वकर्मा की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में शिल्प कला कौशल के जनक व विश्व के निमार्ण कर्ता भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कली राम भट्ट, चंद्र प्रकाश शर्मा, जितेंद्र सैनी, आकाश शर्मा, रेखा रानी तथा छात्र छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती तथा भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय के आचार्य आकाश शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा के विषय में विस्तारपूर्वक बताया।

## अन्न भंडार पुरोडी में आवारा पशुओं का डेरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** तहसील क्षेत्र के राजकीय अन्न भंडार पुरोडी की स्थिति इन दिनों अव्यवस्थित बनी हुई है। गोदाम के आसपास आवारा पशुओं का जमावड़ा होने से परिसर में गंदगी फैल गई है। पूरे क्षेत्र में गोबर फैला हुआ है, जिससे न केवल अनाज उतारने-चढ़ाने में दिक्कत हो रही है बल्कि कर्मचारियों और आमजन को आवागमन में भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अन्न भंडार इंचार्ज जेपी सकलानी ने बताया कि ग्रामीणों से कई बार अपील की गई कि वे अपने पशुओं को गोदाम परिसर में न आने दें, लेकिन कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है उनका कहना होता है ये पशु हमारे नहीं है। बरसात के दिनों में तो पशु रातभर गोदाम परिसर में ही डेरा डाल देते हैं।

सकलानी ने बताया कि गोदाम के चारों ओर तारबाड़ भी की गई थी, मगर ग्रामीण रात के समय उसे खोल देते हैं, जिससे पशु आसानी से अंदर घुस जाते हैं और पूरे परिसर को गंदगी से भर देते हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान आवश्यक है, ताकि अन्न भंडार की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चल सके।

# प्रभावित क्षेत्रों में स्वयं सेवी संस्थाएं पहुंचा रही राहत

**समाजसेवी टीटू त्यागी प्रभावित लोगों को उपलब्ध करा रहे राशन व भोजन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने लगाया राहत कैंप**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जनपद देहरादून में बीते सोमवार को हुई भारी बारिश की वजह से अधिकांश क्षेत्र आपदा की जद में आ गए हैं।

सहस्त्रधारा क्षेत्र में सोमवार को देर रात बादल फटने की घटना के बाद चंद्र रोड एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला में निकलने वाली रिस्पना नदी से आए मलबे को सड़कों और घरों से हटाने का काम बुधवार को भी जारी रहा। मलबे के साथ आए तेज रफ्तार पानी ने एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला से सटे सूरज बस्ती,



पंचपुरी और आरके पुरम में भी अनेक घरों को नुकसान पहुंचाया है।इन क्षेत्रों के सैकड़ों घरों व गलियों में अभी भी मलबा और कीचड़ फैला हुआ है। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई स्वयं सेवी संस्थाएं, संगठन और स्थानीय लोग मदद और राहत पहुंच. ाने में लगे हुए हैं। एमडीडीए कॉलोनी में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद जनपद देहरादून के पदाधिकारियों की टीम ने पहले ही दिन क्षेत्र का भ्रमण कर अपना राहत कैंप खोल दिया था, जो लगातार जारी है। वहीं दूसरी ओर दुर्गा वाहिनी सोशल वेल्फेयर सोसाईटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवीण टीटू त्यागी और उनकी टीम के सदस्य लगातार प्रभावित परिवारों को भोजन और खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम संस्था भी लगातार प्रभावित लोगों को सहयोग कर रही है। एमडीडीए कॉलोनी में बिट्टू, इंद्रसैन और जफर के मकान गिर गये हैं, जमीअत इन तीनों की आर्थिक मदद करेगी। वहीं प्रभावित क्षेत्र सूरज बस्ती, पंचपुरी और आरके पूरम में भी लोगों को राहत पहुंचा रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद रोबिन त्यागी, मोंटी त्यागी, अक्षत त्यागी, अतुल सक्सेना, टीनू शर्मा,सुनील गुप्ता, शेखर गुप्ता, अतुल अरोरा, राकेश शर्मा, राधे श्याम त्यागी, महेंद्र कुमार, फरमान खान, अरमान खान, आमिर खान, अमन, युवी, अजय, राजन, गगन, प्रदीप, भोला, साहिल खान, फरमान, रानी, सविता त्यागी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम संस्था के इकराम अहमद, हैदर इरशाद, हबीबुर्रहमान, सलमान व मुस्लिम सेवा संगठन के अक्की कुरैशी आदि लगातार प्रभावित क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

# जेबीआईटी के फाउंडर चेयरमैन स्व. एलडी सिंघल की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जे बी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में फाउंडर चेयरमैन स्वर्गीय एलडी सिंघल की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जगमोहन राणा पूर्व अध्यक्ष यूपीएससी, प्रो. डॉ. अनीता राणा पूर्व निदेशक यूसर्क संस्थान की चेयरपर्सन हेमलता सिंघल एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर प्रो. डॉ. जगमोहन राणा ने सर्वप्रथम स्वर्गीय एलडी सिंघल को श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्होंने कहा वह सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए हमेशा आगे रहते थे, उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, उन्होंने कहा कि उनकी पुण्यतिथि पर आप इस प्रकार का रक्तदान कर रहे हैं इसके लिए आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं।

यह शिविर महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 200 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कैंप में सहयोगी संस्था के रूप में लायंस क्लब देहरादून एवं रेड क्रॉस सोसाइटी ने भी अपना सहयोग दिया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डॉक्टर पीके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉक्टर विशांत कुमार, इंद्रेश हॉस्पिटल के ब्लड बैंक कोऑर्डिनेटर अमित चंद्रा, डॉक्टर सुप्रीत डॉ. हरीश चंद्र शर्मा, जनरल सेक्रेटरी रेड क्रॉस सोसाइटी मोहन खत्री, कोषाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी सहित सभी विभागों के विभागध्यक्ष एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी छात्र रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत पहुंचे विकासनगर

**विकासनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर "सशक्त नारी, स्वस्थ परिवार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत विकासनगर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।पूर्व सीएम ने कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत की और केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तीरथ सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण और परिवारों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

**स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगर में हुआ व्यापक अभियान अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने दिलाई शपथ, नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई टिहरी।** नगर पालिका मुनिक. ीरेती, टिहरी गढ़वाल की ओर से 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता उत्सव का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण, अधिशासी अधिकारी अंकिता और वार्ड सभासदों ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की और उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के पहले ही दिन नगर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालि. का के अधिकारी, कर्मचारी, वार्ड सभासद और स्थानीय नागरिक सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने मिलकर सार्वजनिक स्थलों, गलियों और बाजार क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

नगर पालिका का कहना है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, ताकि स्वच्छ और स्वस्थ नगर के निर्माण का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इस पहल ने न केवल शहरवासियों को स्वच्छता के महत्व से जोड़ने का काम किया है, बल्कि लोगों को व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर जिम्मेदारी निभाने के लिए भी प्रेरित किया है।कैप्शन-मुनिकीरेती क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाते अधिकारी एवं कर्मचारी।

# केंद्रीय सहकारी समिति और सहकारी संघ में एमओयू

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025: 'सहकारिता में सहकार' कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य पर आयोजित 'सहकारिता में सहकार' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भारतीय सहकारी समिति लिमिटेड और उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के मध्य समझौता ज्ञापन हुआ। इस समझौते ज्ञापन के माध्यम से न केवल बीज उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी बल्कि राज्य सहकारी समितियों और किसानों के लिए भी एक मील का पत्थर साबित होगा। दूसरा समझौता ज्ञापन राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति और उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के बीच हुआ जो राज्य के ख्रषि उत्पादकों सहकारी समितियों और किसानों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।



राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री धामी हुए कार्यक्रम में शामिल

इस दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दो नवीन योजनाओं, उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक की ऋण नीति एवं वाणिज्यिक अचल संपत्ति- आवासीय गृह ऋण नीति का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जसपुर की ीकापार एमपैक्स को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। राज्य में उत्ख्र ष्ट कार्य करने वाले जिला सहकारी बैंक लि. मुख्य शाखा देहरादून को भी सम्मानित किया गया। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण भी किए गए।

### सामूहिक प्रयासों का आंदोलनः राज्यपाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि सामूहिक प्रयासों का आंदोलन है। इसमें सभी का लाभ, सभी की भागीदारी और सभी की जिम्मेदारी निहित रहती है। भारतीय संस्कृति की इस धरा पर सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। सहकारिता एक ऐसी क्रांति है, जो हमें सामाजिक-आर्थिक समृद्धि की दहलीज तक ले आई है और मुझे विश्वास है कि यह क्रांति बहुत शीघ्र साकार होगी।

### सहकारिता आंदोलन हो रहा मजबूतः धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 में भारत में वैश्विक सहकारी सम्मेलन का स्फल आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री ने सहकारिता को भारत के लिए संस्कृति का आधार और जीवन पद्धति बताया था। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने सहकार से समृद्धि को साकार करने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय गठन किया। उन्होंने कहा केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है।

### उत्तराखंड बना देश का पहला राज्यः डॉ. धन सिंह

कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डक्क धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ऋण शून्य ब्याज पर प्रदान करने की योजना प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में लगभग 2 लाख लखपति दीदी बनी हैं, जिन्हें वर्ष 2026 तक 4 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। डा. रावत ने कहा कि यह देश का पहला राज्य है जिसने सहकारिता में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है।

# पतंजलि देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को करेगा सम्मानित

## फ्री मेडिकल चेकअप एवं योग व हैल्थ कैम्प का संचालन करेगा पतंजलि



भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए चलाएंगे स्वदेशी आंदोलन

**नई दिल्ली।** देवतुल्य राष्ट्र ऋषि देश के पीएम नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पर स्वामी रामदेव ने दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि देश के देवतुल्य पीएम नरेंद्र मोदी के हिमालय जैसे व्यक्तित्व में स्वदेशी, स्वधर्म, राष्ट्रधर्म व सनातन धर्म सन्निहित है।

स्वामी जी ने उनके वैश्विक नेतृत्व, व्यक्तित्व व चरित्र को प्रणाम करते हुए देश की नीतियों व नीयती को दिशा देने में बड़ी भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु की कामना की। स्वामी रामदेव ने स्वदेशी से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करने में पतंजलि की भूमिका व योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव व अग्रणी भूमिका पर विशेष चर्चा की। प्रेसवार्ता के दौरान पतंजलि योगपीठ की ओर से राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं की घोषणा की गई।

प्रधानमंत्री प्रतिभा पुरस्कार

देश के सभी जिलों में सीबीएसई, बीएसबी (भारतीय शिक्षा बोर्ड) व स्टेट बोर्ड के प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन व गौरव देने के लिए पतंजलि द्वारा 11 से 51 हजार रुपयों से पुरस्कृत किया जाएगा।इसके साथ ही देशभर में 750 स्थानों पर फ्री मेडिकल चेकअप एवं योग व हैल्थ कैम्प लगाए जाएंगे। देश में 750 से अधिक स्थानों पर क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की निशुल्क औषधि वितरण एवं उपचार कैम्प लगाए जाएंगे। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जिन असाध्य रोगों का इलाज नहीं है, पतंजलि ने योग-आयुर्वेद एवं स्वस्थ दिनचर्या तथा रिसर्च एण्ड एविडेंस बेस्ड औषधियों से ऐसे हजारों रोगियों को स्वस्थ किया है।

विकसित भारत अभियान

भारत प्राचीनकाल से ही अर्थव्यवस्था के शिखर पर रहा है। 250 सालों में ईस्ट इण्डिया कम्पनी से लेकर अनेक कम्पनियों ने भारत की 100 ट्रिलियन से ज्यादा आर्थिक लूट केवल दो दशकों में की है। भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में सर्वोपरि बनाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान वोकल फॉर लोकल व स्वदेशी के आंदोलन को गांव-गांव व घर-घर तक जनांदोलन के रूप में चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री के वकसित भारत अभियान को साकार करने के लिए संपूर्ण देश भर में स्वदेशी का अभियान चलाकर भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए तथा राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी को गौरव प्रदान करने के लिए व विदेशी ताकतों से देश की लूट को बचाएंगे तथा भारत को परम वैभवशाली बनाएंगे। स्वामी जी ने दैनिक जीवन में शून्य तकनीकी की अमेरिकी व विदेशी कम्पनियों के बहिष्कार का आह्वान किया। विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का है। हमें अपने संकल्प व जुनून से भारत को विश्व का महानतम देश बनाना है।

मैकाले के षड्यंत्र से वैचारिक दरिद्र व गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को बदलने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से प्रथम चरण में 1 लाख, फिर 3 लाख विद्यालयों को स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था से जोड़कर देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालकर ऐसे आदर्श व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करना है, जो पूरे विश्व का नेतृत्व कर सकें। भारत को केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति बनाना है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.पी. सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन व वैधानिक स्वरूप के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना स्क्रीनिंग समिति की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग समिति की बैठक दिसंबर माह एवं राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की यह बैठक मार्च माह में कराये जाने के निर्देश दिये, ताकि अप्रैल से प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू हो सके। इस अवसर पर सचिव श्रीधर बाबू अद्दांकी, डॉ. रणवीर सिंह चौहान, डॉ. एस.एन. पांडेय, वीसी वीसीएसजी औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार डॉ. परविंदर कौशल, अपर सचिव आनन्द श्रीवास्तव, नवनीत पाण्डेय सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्य सचिव ने कृषि विभाग द्वारा मालियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्किल इंडिया के एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया को कोर्स और सिलेबस को एडॉप्ट कर इस डिप्लोमा कोर्स की महत्त्व बढ़ाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जनपद अपने अपने क्षेत्र में फार्म मशीनरी बैंकों का मूल्यांकन कराएं। कहा कि फार्म मशीनरी बैंकों के आने के बाद उत्पादकता में क्या प्रभाव पड़ा इसका आंकलन तैयार कराया जाए। मुख्य सचिव ने जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय को प्रदेश के लिए कार्बन क्रेडिट एजेंसी के रूप में कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्बन क्रेडिट की दिशा में बहुत कुछ कर सकता है, इसके लिए जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्य सचिव ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार को ग्राफ्टिंग की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वॉलनट के ग्राफ्टेड प्लांट्स की प्रदेश में अत्यधिक मांग है, जिसे बाहर से सप्लाई कराना पड़ता है। उन्होंने विश्वविद्यालय को इस दिशा में शीघ्र कार्य किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने इन सभी प्रोजेक्ट्स के आउटकम इंडिकेटर निर्धारित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रोजेक्ट्स समय पर पूर्ण हों इसके लिए सभी स्टेज की समयसीमा निर्धारित की जाएं।

# जोशी ने देहरादून-मसूरी मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार देर शाम मसूरी-देहरादून मार्ग स्थित शिव मंदिर के पास अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आपदा के कारण मसूरी और देहरादून को जोड़ने वाला यह पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे युद्धस्तर पर पुनर्निर्माण किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री जोशी ने पुल के निर्माण कार्य में जुटे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि मात्र दो दिनों के भीतर बेली ब्रिज तैयार करना अपने आप में एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने जानकारी दी कि एक घंटे के भीतर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा और इसके साथ ही देहरादून-मसूरी मार्ग पर आवाजाही फिर से शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### दो दिन में बेली ब्रिज तैयार करने के लिए अधिकारियों कर्मचारियों को दी शाबाशी

# राजीव जायसवाल का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल ने सांसद अजय भट्ट द्वारा व्यापारी सांसद प्रति. निधि नियुक्त किए गए राजीव जायसवाल का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने कहा कि सांसद व्यापारी प्रतिनिधि के रूप में राजीव जायसवाल की नियुक्ति से व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण में आम व्यापारियों को सहयोग मिलेगा। देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा ने कहा कि राजीव जायसवाल की नियुक्ति से व्यापारियों को लाभ मिलेगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। स्वागत करने वालो में देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा, महानगर अध्यक्ष गोविंद बगड़वाल, युवा जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली, युवा नगर अध्यक्ष पवन बिष्ट, मोईन बाबा, दिनेश सागर, प्रेम चौधरी, प्रदेश उपाधयक्ष, जगमीत सिंह, मनीष वर्मा, अजय राज, महेश आहुजा, अशोक बेलवाल मौजूद रहे।

# जोशी ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मसूरी रोड़ के क्षतिग्रस्त पुल में वैली ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, विजय कॉलोनी, नेशविला रोड, भंडारगांव, गजियावाला, इंद्रानगर, गल्जवाड़ी, सरखेत, मकडेती, केरवान गांव और जनपद टिहरी के कुमाल्डा गांव भी पहुंचें। निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने प्रभावितों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गाजियावाला में वास आऊट सड़क ओर क्षतिग्रस्त पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल के सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र करने ओर वास आऊट हुई सड़क के पुनर्निमाण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और पानी की आपूर्ति से जुड़े सभी कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि जनता को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान उन्होंने मकडेती गांव निवासी अजय कुमार को सहायता राशि का चेक भेंट किया।

मंत्री जोशी ने आपदा से प्रभावित परिवार को राशन की किट भी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि आपदा में अजय कुमार के माता-पिता अनिल कुमार एवं जया देवी की दुखद मृत्यु हो गई थी। इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जनपद टिहरी के कुमाल्डा गांव में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुल का भी निरीक्षण किया गया।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के क्रम में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फुलेत गाँव में आपदा प्रभावितों तक राहत सामग्री पहुँचाई गई। दुर्गम मार्ग और भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क बाधित होने से प्रभावित ग्रामीणों तक हेलिकॉप्टर के माध्यम से राशन पहुँचाया गया।

समक्ष माननीय न्यायालय अपर आयुक्त महोदय, देहरादून, गढ़वाल मंडल

निगरानी सं०-26 सन-2025

राकेश रतूड़ी

बनाम

मोहन लाल आदि

**नोटिस बनाम-** 1. मोहन लाल पुत्र भागीरथ, 2. ज्ञानानन्द पुत्र भागीरथ, 3. बिरेन्द्र प्रसाद पुत्र रामानन्द, 4. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामानन्द, 5. भुवनेश्वरी देवी पत्नी रामानन्द, 6. भगतराम पुत्र छोटा समस्त निवासी ग्राम-पाटा, पट्टी-सारज्यूला, तहसील-टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल।

चूंकि उपरोक्त निगरानीकर्ता ने उक्त निगरानी इस न्यायालय में प्रस्तुत की है जो दर्ज रजिस्टर होकर वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 13 माह 10 सन-2025 को नियत है यदि आपको निगरानीकर्ता की निगरानी में कोई आपति हो तो दिनांक 13 माह 10 सन-2025 को इस अदालत में समय 10:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें अन्यथा निगरानीकर्ता की उक्त निगरानी पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 12 माह 09 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर व अदालत मोहर से जारी किया।

आज्ञा से

अपर आयुक्त

गढ़वाल मण्डल, पौड़ी

(शिविर-देहरादून)

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**


मोबाइल-9720007290

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनपद में 1600 लाभार्थियों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ



**देहरादून।** जनपद देहरादून में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के पहले दिन बुधवार को आयोजित कुल 6 स्वास्थ्य शिविरों में कुल 1600 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ लिया। जनपद देहरादून में आयोजित कुल शिविर - 6 (2 विशेषज्ञ स्वास्थ्य कैंप) शिविर आयोजित किए गए।ज्ञात हो कि जनपद देहरादून में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सामुदायिक एवं ग्राम/वार्ड स्तर पर 425 बहुउद्देश्यीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें से 12 वृहद शिविर उप जिला चिकित्सालय एवं साम. दायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किये जायेंगे।

1600 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया

उच्च रक्तचाप जांच 241,
मधुमेह 240,
सर्वाईकल कैंसर 59,
स्तन कैंसर जांच- 28,
मुख कैंसर- 112,
ए.एन.सी जांच 62,
किशोरी स्वास्थ्य परामर्श-38,
पोषण परामर्श -125,
अनीमिया जांच - 197,
टीकाकरण- 59,
टीबी जांच - 173।



# कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग

पत्रांक:- 343/स०अ०-द्वितीय/टी-4 दिनांक:-16.09.2025

**निविदा सूचना संख्या- 08/स0अ0-द्वितीय/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.09.2025 को 11:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते तथा प्रपत्र दिनांक 16.09.2025 से 29.09.2025 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| **जिला योजना के अन्तर्गत** | | | | | |
| 1 | गौचर वार्ड नं0 02 पुलिस चौकी के समीप नाला निर्माण कार्य। | 15000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 2 | ग्राम जयकण्डी में गुरूराम राय के निकट जल निकास नाली का निर्माण कार्य। | 15000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 3 | गढवाल मण्डल विकास निगम देवलीबगड की अलकनन्दा नदी से बाढ सुरक्षा कार्य। | 15000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 4 | डिम्मर गांव में तटेश्वर महादेव मन्दिर के समीप सुरक्षात्मक कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 5 | एस०सी०एस०पी० के अन्तर्गत गौचर के वार्ड नं0 05 भट्ट नगर में जल निकास नाली विस्तारीकरण कार्य। | 24000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 6 | जयकण्डी में गुरूराम राय विघालय के निकट आवासीय भवनों हेतु सुरक्षा दीवार व रास्ता पुर्ननिर्माण कार्य। | 26000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 7 | ग्राम पंचायत भंगोटा के बीचों बीच पौराणिक धारा में सुरक्षा दीवार एवं रास्ता निर्माण कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 8 | मींग गधेरा में आवासीय भवनों हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 12000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 9 | सिमली के घरमुण्ड तोक में सुरक्षात्मक कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 10 | ग्राम सभा वैनोली नैणी गधेरे में सुरक्षात्मक कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 11 | ग्राम पंचायत मीग में कृषि योग्य भूमि में सुरक्षात्मक कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 12 | पालछुनी ग्राम सभा में सुरक्षात्मक कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 13 | खेनोली एस०सी० वरती में सुरक्षात्मक कार्य। | 15000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 14 | ग्राम ताजपुर तल्ला के कन्या गधेरे में बाढ / कटाव सुरक्षा कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 15 | ग्राम पंचायत सालपुर मे नोणा गधेरे से आवासीय भवनों के पास हो रहे कटाव से सुरक्षा कार्य। | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| **जिला खनिज न्यास** | | | | | |
| 16 | गोचर स्थित 27 ग्रामों के अन्त्येष्टि घाट के लिये पंहुच मार्ग का सुधारीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य। (जोब नं० 01) | 22300.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 17 | गौचर स्थित 27 ग्रामों के अन्त्येष्टि घाट के लिये पंहुच मार्ग का सुधारीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य।(जोब नं० 02) | 21000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 18 | गौचर स्थित 27 ग्रामों के अन्त्येष्टि घाट के लिये पंहुच मार्ग का सुधारीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य। (जोब नं० 03) | 21000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बालर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

**● नंबर-1 टीम, बैटर्स में अभिषेक, बॉलर्स में वरुण और ऑलराउंडर्स में हार्दिक टॉप पर ऐसा पहली बार हुआ**

वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा। बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितम्बर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंडड़ा पहले नंबर पर भारतीय स्टार हार्दिक पंडड़ा टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# नीरज चोपड़ा ने किया क्वालीफाई



**● नीरज चोपड़ा ने टोक्यों नेशनल स्टेडियम में क्वालिफायर के ग्रुप-ए में 84.85 मी. भाला फेंककर पदक दौड़ में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली**

**टोक्यो, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को गुरुवार को 84.85 मीटर भाला फेंककर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को टोक्यो नेशनल स्टेडियम में क्वालीफायर के ग्रुप ए में 84.85 मीटर भाला फेंककर पदक दौर में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली। स्वत: योग्यता सीमा 84.50 मीटर निर्धारित की गई थी। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपने ग्रुप में शुरुआत की और अपने पहले ही थ्रो में इस सीमा को पार कर लिया। नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर है। जो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी हैं, अपने पहले ही थ्रो में चूक गए। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम क्वालीफायर ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी इस ग्रुप में हैं। कुल मिलाकर, 37 में से 12 एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। स्वचालित योग्यता सीमा को पार करने वालों को छोड़कर, अगले सर्वश्रेष्ठ थ्रोअर को कोटा पूरा होने तक कट में जगह मिलेगी। दो साल पहले बुडापेस्ट में हुए पिछले विश्व चैंपियनशिप में, नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर थ्रो के साथ एथलेटिक्स में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया था। अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। कल टोक्यो में नीरज बनाम नदीम का एक और मुकाबला देखने को मिल सकता है।



## वायरल बुखार के कारण जेमिमाह रॉड्रिग्स ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स वायरल बुखार के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गई हैं।

उनकी तेजल हसबनीस को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में दूसरे वनडे मैच के टॉस से ठीक पहले रॉड्रिग्स के वायरल से पीतिड़ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सा दल की निगरानी में है। रॉड्रिग्स ने पहले मैच में नंबर 5 पर खेलते हुए 26 गेंदों में 18 रन बनाए थे और भारत ने सात विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में भारत को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे वनडे के एकादश में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरुंधति ने उनकी जगह ली। 28 साल की मध्य क्रम की बल्लेबाज हसबनीस पिछले साल से ही राष्ट्रीय टीम के आसपास हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में अहमदाबाद में कीवियों के खिलाफ वनडे में पर्दापण किया था।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की धमकी वापस ली

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की अपनी धमकी वापस ले ली है। मंगलवार 16 सितम्बर को पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा मेल भेजा, इसमें रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को पाक के सभी मैचों से हटाने की मांग की गई है। बोर्ड ने कहा है कि टीम के बाकी बचे मैचों के लिए जिम्बाब्वे के पाइक्राफ्ट की जगह रिची रिचर्डसन को नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई सहमति नहीं जताई है। 14 सितम्बर को पाक का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्राफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था।

#### सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास जरूरी: ओलंपियन हार्दिक सिंह

**जालंधर, वार्ता।** सुप्रसिद्ध सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर, जो लंबे समय से युवा हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उनके कौशल को निखारने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तथा ओलंपिक हॉकी खिलाड़ियों को आमंत्रित करती रही है, ने बुधवार को एक और प्रेरणादायक आयोजन किया। ओलंपिक हॉकी मेडलिस्ट हार्दिक ने अकादमी का दौरा किया और उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हार्दिक सिंह का क्लब के खिलाड़ियों से परिचय करवाया और उनका स्वागत किया। हार्दिक ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि सटीक पासिंग, गोल स्कोरिंग की रणनीतियां और रक्षात्मक कौशल के बारे में विस्तार से बताया।

# आठ भारतीय निशानेबाजों ने ISSF विश्व कप फाइनल में जगह बनाई



**● आठ भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है जो 4 से 9 दिसम्बर तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 4 से 9 दिसंबर 2025 तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाजों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीजन-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है। मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुई। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है। ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई। भारत की सूची को पूरा करती हैं सिमरनप्रीत कौर बरार, जिन्होंने लीमा में रजत पदक जीतकर महिला 25 मीटर पिस्टल में क्वालीफाई किया। चीन की सुन युजिये पहले ही ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण के जरिए अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थीं, जिससे सिमरनप्रीत को एंट्री मिली। आईएसएसएफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

**● सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबल में मलेशिया की जोड़ी को 24-22, 21-13 से हराया**

**शेन्जेन, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी को हराकर चाइना मार्स्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 24-22, 21-13 से सीधे गेमों में हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में



भारतीय जोड़ी का मुकाबला चीनी ताइपे के चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन से होगा। लक्ष्य सेन और ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का पुरुष एकल में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे। वहीं, मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग लपग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हीरो महिला इंडियन ओपन में पुरस्कार राशि अब 500,000 डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर भारत में महिला गोल्फ के विकास और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा और विकास के लिए एक मजबूत घरेलू मंच प्रदान करता है।

यह मजबूत टूर भारत के शीर्ष गोल्फरों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका समापन हर साल प्रतिष्ठित हीरो महिला इंडियन ओपन (एचडब्ल्यूआईओ) के साथ होता है। 9-12 अक्टूबर, 2025 को प्रसिद्ध डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित होने वाला यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा महिला गोल्फ टूर्नामेंट और लेडीज यूरो. पियन टूर कैलेंडर का एक प्रमुख आयोजन है। इस वर्ष, टूर्नामेंट की राशि में 25प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो 400,000 डॉलर से बढ़कर 500,000 डॉलर हो गई है, और विजेता को 75,000 डॉलर मिलेंगे।

**● एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी जो भारतीय की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक है और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही है**

एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी, जो भारत की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक हैं और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से, हीरो महिला इंडियन ओपन ने वैश्विक मंच पर भारतीय महिला गोल्फरों के उदय को प्रदर्शित किया है।

हालांकिअदिति अशोक इस टूर्नामेंट (2016 में) जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं, हाल के वर्षों में कई भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब के लिए ज़ोरदार दावेदारी पेश की है, जिनमें अमनदीप द्राल, जो 2022 में उपविजेता रहीं, और दीक्षा डागर, जो 2023 में तीसरे स्थान पर रहीं, शामिल हैं। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष, संजय भान ने कहा, ष्हीरो महिला इंडियन ओपन खेल को प्रोत्साहित करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2010 से, हम इस टूर्नामेंट का गर्व से समर्थन करते रहे हैं और भारत और उसके बाहर महिला गोल्फ को मजबूत बनाने में मदद की है। इस वर्ष, 500,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ, हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करना और अधिक महिलाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय महिला गोल्फ संघ की अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंह ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हीरो महिला इंडियन ओपन 2025 का 17वां संस्करण फिर से डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा, जो गोल्फ की उत्कृष्टता का पर्याय बन गया है। हम अपने टाइटल प्रायोजक हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और डॉ. पवन मुंजाल के आभारी हैं जिन्होंने इस विश्व स्तरीय आयोजन को आयोजित करने में हमारी मदद की, जिसने वर्षों से एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। हम अपने प्रस्तुतकर्ता प्रायोजक डीएलएफ लिमिटेड और कई अन्य प्रमुख प्रायोजकों को धन्यवाद देते हैं, जिनके बहुमूल्य योगदान से यह सुनिश्चित होता है कि हम हमसे अपेक्षित उच्च स्तर की उत्कृष्टता के अनुरूप आयोजन कर पाएं। लेडीज़ यूरोपियन टूर के साथ काम करना हमारे लिए वास्तव में सौभाग्य की बात है। यह साझेदारी, जो हर गुजरते साल के साथ मजबूत होती जा रही है, यह सुनिश्चित करती है कि हीरो महिला इंडियन ओपन का कद बढ़ता रहे। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा निरंतर जुड़ाव भारत में महिला गोल्फ के विकास में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

# ससेक्स के लिए उनादकट ने झटके तीन विकेट



**लंदन, वार्ता।** होव में जब यॉर्कशायर 100 रन पर दो विकेट पर था तो लग रहा था कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने का उनका फ़ैसला सही था। लेकिन ससेक्स के तेज गें. दबाज़ों जयदेव उनादकट और फ़नि हडसन-प्रेन्टिस के तीन-तीन विकेट से उनकी टीम टी के बाद सिर्फ़ 194 रनों पर ही सिमट गई।

इस समय तक ससेक्स मजबूत स्थिति में दिख रहा था लेकिन मेहमान टीम ने वापसी की और खराब रोशनी की वजह से 13 ओवर शेष रहते हुए खेल रोके जाने से पहले उन्होंने मेबानों को खूब परेशान किया। स्टंप्स के समय उनका स्कोर 84 रन पर चार विकेट था। इससे पहले बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका था।

दूसरे डिविजन में रेलीगेट होने से बचने के लिए दोनों टीमों को सिर्फ़ एक ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन अब इस मैच का नतीज़ा पूरा संभव है। यह पिच लगभग 48 घंटे तक कवर के नीचे रही थी, जिससे तेज गेंदबाज़ों के मदद की पूरी संभावना थी। लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाज़ों ने भी कुछ ग़लत शॉट चुने। सुबह के सत्र में विकेटों का गिरना मुश्किल लग रहा था, जब फ़नि बीन और ऐडम लिथ धैर्य से खेल रहे थे। लेकिन बीन (27) हडसन-प्रेन्टिस की गेंद को कट करने की कोशिश में पीछे कैच दे बैठे और लंच से ठीक पहले सीन हंट की गेंद ने लिथ (47) का अंदरूनी किनारा ले लिया।

इसके बाद यॉर्कशायर ने 7-2 ओवर में 15 रन पर पांच विकेट खो दिए। जेम्स व्हार्टन स्लिप में कार्सन को नीचा कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में बेयरस्टो उनादकट से बोल्ड हो गए। उनादकट ने फिर एक झटका दिया, जब मैथ्यू रिविस बाहर जाती गेंद को छू बैठे, जिसे वह आराम से छोड़ सकते थे। हिल ढीला ड्राइव खेलकर स्लिप में आउट हुए और डॉम बेस लेग साइड स्ट्रैंगल का शिकार हुए। हडसन-प्रेन्टिस की हैट्रिक गेंद को जॉर्डन थॉम्पसन ने आसानी से कवर पर चौके के लिए खेल दिया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जैमीसन और सियर्स की वापसी

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स की टीम में वापसी हुई हैं। यह तेज गेंदबाज जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं थे। टूर्नामेंट में तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी। जैमीसन अपने पहले बच्चे के जन्म की वजह से तथा सियर्स चोट के कारण मैदान से बाहर थे। इस बीच, नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की अनुपस्थिति में माइकल ब्रेसवेल तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। ब्रेसवेल ने अब तक 10 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को बताया, ष्चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत जबरदस्त है। उन्होंने कहा, ष्2016 से यह (चैपल-हैडली ट्रॉफी) हमारे पास नहीं है, और हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए लड़ने का मौका मिलना बहुत खास है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में इस उपलब्धि को अपने नाम करने के लिए उत्सुक हैं।

# खेले सानंद सीजन 3 बड़े पैमाने पर और नए स्थानों पर होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अपने पहले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, बहुप्रतीक्षित खेले सानंद सीजन 3 पहल बुधवार को शुरू हुई, जो जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

विजयी भारत फ़ाउंडेशन की प्रमुख ग्रासरूट पहल, खेले सानंद का तीसरा सीजन संस्कारधाम परिसर में एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी प्रतीक वाइकर और निर्मला भाटी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया और साणंद तालुका में युवा विकास और सामुदायिक जुड़ाव पर लीग के बढ़ते प्रभाव का जश्न मनाया। अपने पहले दो सत्रों में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में उभरा, जिसने 90 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज़्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे स्थानीय खेलों में शामिल किया। खेल महाकुंभ के दौरान, खेले सानंद ने खो-खो में लड़कियों की भागीदारी में 400 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि और अपनी शुरुआत की तुलना में टीम पंजीकरण में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे सभी

**● 90 से ज्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वालीबॉल जैसे स्थानीय खेलो में शमिल किया**

बाधाओं को तोड़ा और समावेशिता को बढ़ावा मिला। अपने तीसरे वर्ष में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो 120 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशता है और 7,000 से ज़्यादा छात्रों को शामिल करता है। खेले सानंद का उल्लेखनीय उत्थान इसके साम. ुदायिक स्तंभों द्वारा संचालित है। 150 से ज़्यादा स्थानीय युवाओं और वयस्कों ने स्वयंसेवकों के रूप में आगे आकर कोच और रेफरी से लेकर प्रबंधकों और आतिथ्य टीमों तक, विविध भूमिकाएं निभाई और यह सुनिश्चित किया कि हर मैच का दिन सुचारू रूप से चले। 20 से ज़्यादा गांव के सरपंचों के प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्त्रोत प्रदान किया। उनके साथ, कई स्थानीय व्यवसायों ने भी सहयोग के लिए आगे आकर सामुदायिक स्वामित्व की भावना को और मजबूत किया। यह सामूहिक प्रयास 'खेल सानंद' के मूल भाव को दर्शाता है: खेल, एकता और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का उत्सव।

# भाजपाइयों ने स्वास्थ्य-स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया पीएम का जन्मदिन

## विधायक की अगुवाई में सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज सिविल अस्पताल रुड़की में भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने रक्तदान को जीवन बचाने का संकल्प बताते हुए समाजहित में सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी रहीं। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व स्तर पर नई पहचान बनाई है और सेवा कार्यों में उनकी सोच समाज के लिए प्रेरणा है।

मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने मोदी जी के जीवन को सेवा और समर्पण का प्रतीक बताया, वहीं राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने रक्तदान को ष्महादानष् बताते हुए युवाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि मोदी जी ने जनभागीदारी को हमेशा प्रोत्साहित किया है और रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।




कार्यक्रम का संचालन युवा नेता गौरव कौशिक ने किया। अंत में सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निरंतर जनहितकारी कार्यक्रम करने का संकल्प लिया।

## चेयरमैन व ईओ ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

लंढौरा। स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत लंढौरा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर नसीम अहमद व अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारतश के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद ने सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक सामाजिक दायित्व है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सेवा, समर्पण और स्वच्छता को जीवन का मूल मंत्र बताया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने स्वच्छ वातावरण को स्वस्थ समाज की नींव बताते हुए स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि एक सामाजिक दायित्व की बात कहीं। सेवा पखवाड़े के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद



व अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने सफाई कर्मचारियों व अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाते हुए सूखा और गीला कूड़ा अलग करने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सभासद फरमान, राजेश वालिया, समद, सभासद प्रतिनिधि अनिल भगत, रब्बान, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, लिपिक अब्दुल रहमान, अमित तिवारी, विपिन कुमार, राहुल,मुंतजिर अली, गुलशेर, तस्लीम, राजू, संजय, राजेन्द्र, विजय, पोना, प्रवेज, सोनू आदि लोग मौजूद रहे

## रेलवे स्टेशन मास्टर पर विद्युत चोरी करने का मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेलवे स्टेशन मास्टर के खिलाफ अवैध रूप से अपने आवास में बिजली चोरी करने का मुकदमा रेलवे विभाग में ही कार्यरत टेक्नीशियन द्वारा थाने में तहरीर देकर कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रेलवे विभाग में कार्यरत टेक्नीशियन जयकुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह झबरेड़ा तथा भनेड़ा रेलवे स्टेशनों पर विद्युत सप्लाई से संबंधित सभी कार्यों को देखता है।झबरेड़ा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर आदित्य द्वारा अवैध रूप से अपने आवास में बिजली चोरी की जा रही थीं। रेलवे स्टेशन मास्टर को विभाग से कोई आवास आवंटित नहीं है। उक्त पास में ही दूसरे आवास में रहता है ।उसी में रेलवे स्टेशन से विद्युत केबल डालकर बिजली चोरी कर रहा था। बिजली चोरी करते देख उसने विद्युत केबल को काट दिया तथा विद्युत सप्लाई रोक दी। विद्युत सप्लाई कटने पर रेलवे मास्टर द्वारा उसे गाली गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई है। उक्त संबंध में उसने इलेक्ट्रिक कंट्रोल मुरादाबाद को भी सूचना दे दी गई है। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर रेलवे स्टेशन मास्टर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पीएम के जन्मदिन पर ढंडेरा नपं चेयरमैन ने किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढण्डेरा में प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर ष्स्वस्थ नारी एवं शसक्त परिवारष् कार्यक्रम के अन्तर्गत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत ढण्डेरा के अध्यक्ष सतीश सिंह नेगी जी द्वारा रिबन काट कर शुभारंभ किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के अन्तर्गत उपकेन्द्र में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की जांच एवं टीकाकरण किया गया। सतीश सिंह नेगी जी द्वारा चिकित्सालय में डा० अमित डाबरा सभी स्वास्थ्य कार्मिकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई । जनष्मानस से संवाद के उपरांत व्यस्थाओं एवं कार्य प्रणाली पर प्रशन्नता पर संतोष व्यक्त किया गया, अस्पताल में विभिन्न बीमारियों के रोगियों ने अपना इलाज करवाया। सभी जांच एवं परीक्षण निशुल्क किए गए गए। उक्त रक्त चाप, मधुमेह गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपचार दिया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ढण्डेरा, की उमेश चन्द्र मैठाणी (फार्मेसी अधिकारी)



श्रीमती भावना हैरिसन एवं श्रीमती आकाक्षा व्यूक (नर्सिंग अधिकारी) संदेश त्यागी (कल सेवक) संजय (सफाई नायक) भी मोहम्मद दानिश कैफ, हुसैन (फार्मेसी इन्टर्न) एवं मीनू (एन०जी० ओ० कार्यकत्री नगर पंचायत ढंडेरा ऑफिस से विक्रांत शर्मा (टेक्स कलेक्टर) आतिश कुमार (लेखा लिपिक) , करण सिंह (जन्म मृत्यु सहायक) मो शादाब (जन्म मृत्यु सहायक). ने इस अवसर पर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पहले दोस्ती, फिर शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

शाह टाइम्ससंवाददाता

**मंगलौर।** युवक ने शादी का झांसा देकर फैक्टरी में नौकरी करने वाली एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया हैं। अब आरोपी युवक शादी करने से इंकार कर रहा हैं। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती एक फैक्टरी में नौकरी करती हैं। बताया गया हैं कि इसी दौरान उसकी जान पहचान फैक्टरी में ही काम करने वाले मुड़याकी निवासी एक युवक से हो गई। इस दौरान युवक ने उसे शादी करने का भरोसा दिया। जिसके बाद उनका मिलना झुलना बढ़ गया। आरोप हैं कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। 21 अगस्त को फिर से दोनों की मुलाकात हुई। इस दौरान उसने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। युवती ने आरोपी की बहन से मामले की बाबत बात की तो उसने भी इंकार कर दिया। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी दीपक निवासी मुड़याकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं।

## अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश पर 16 सितंबर 2025 को पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस युवक ने अपना नाम आसिफ अली पुत्र मतलूब निवासी सुल्तानपुर कुन्हारी जोहड़ के पास थाना लक्सर उम्र 19 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी परभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## दहेज में कार व 10 लाख की मांग करने पर पति-सास सहित 10 पर केस दर्ज

शाह टाइम्ससंवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर अपने पति व सास के खिलाफ कम दहेज लाने के मामले मे गाली गलौज मारपीट करने तथा 10 लाख रुपए नगद व स्विफ्ट कार की मांग करते हुए गर्भावस्था में ही घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है।। ग्राम भलस्वा गाज निवासी निशा देवी पुत्री पाले राम द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 3 मई 2023 को रोहित कुमार निवासी ग्राम कलानौर जिला रोहतक हरियाणा के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। उसके मां-बाप द्वारा विवाह में लगभग 15 लाख रुपए खर्च कर ससुराल वालों को दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका पति रोहित तथा सास संतोष उसके साथ कम दहेज लाने का ताना देते हुए गाली गलोच व मारपीट करते हुए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। 7 अक्टूबर 2024 को उसके पति तथा सास द्वारा उसके साथ मारपीट की गई व उसका गला दबाकर जान से करने का भी प्रयास किया गया तथा उसे गर्भावस्था में ही 10 लाख रुपए नगद तथा स्विफ्ट कार लाने की मांग करते हुए घर से निकाल दिया था। वह किसी तरह अपने मायके आ गई तथा 10 अक्टूबर 2024 को अपने मायके में ही एक पुत्री को जन्म दिया । इसके बाद दिसंबर 2024 में ग्राम भलस्वागाज में ही कुछ गणमान्य लोगों की पंचायत भी हुई लेकिन उसका पति व सास 10 लाख रुपए तथा कार की मांग करते रहे तथा उसे अपने साथ ले जाने से साफ मना कर दिया। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन के समापन अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वयं के द्वारा बनाए गये पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर सभी सदस्यों का स्वागतया किया। श्रीमती संयोगिता सिंह द्वारा बताया गया कि हम किस प्रकार अच्छे-अच्छे कार्यों के द्वारा बड़ों का सम्मान कर सकते हैं, शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति कर सकते हैं। बच्चों को यह भी समझाया गया कि किस तरह से हम एक संस्कारित समाज का निर्माण कर सकते हैं । सभी छात्र/छात्राओं तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं पारितोषिक वितरण किया गया।

## तीन लोगों पर लगाया धमकी देने का आरोप

शाह टाइम्ससंवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा बुधवार को थाने में तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ग्राम मानकपुर आदमपुर निवासी बिजेंदर कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार को अपने खेत में काम कर रहा था। उसी समय वहां पर बाइक से तीन लोग आए तथा आते ही उसे गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी ।वह किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर गन्ने के खेत में घुस गया तथा भाग कर अपनी जान बचाई ।बाद मे सोमवार रात्रि लगभग 9:00 बजे एक बार फिर तीन लोग उसके घर के दरवाजे पर आए तथा उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## शुगर मिल में प्रबंधक ने कर्मचारियों के साथ की विश्वकर्मा पूजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** शुगर मिल इकबालपुर में विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर शुगर मिल महाप्रबंधक तथा शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा सुख शांति की कामना की गई। शुगर मिल के अलावा कस्बा तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्र में लगे लघु उद्योग धंधों में भी भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।

इकबालपुर शुगर मिल में शुगर मिल महा प्रबंधक अनिल तंवर तथा शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती पर हवन यज्ञ कर पूजा पाठ किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक तंवर ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा अपने समय के महान इंजीनियर थे ।उनके द्वारा ही भगवान शिव के कहने पर उन्होंने सोने की श्रीलंका का निर्माण किया था। उसके बाद भगवान श्री कृष्ण के कहने पर द्वारिका नगरी का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया था। भगवान विश्वकर्मा जयंती पर शुगर मिल में लगे उपकरणों तथा कल पुर्जों की पूजा की गई।

## व्यापारी के अपहरण के मामले में 6 पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** दुकान का सामान लेकर लौट रहे व्यापारी का अपहरण कर बंधक बनाने और मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपहरण व मारपीट के मामले में साजिद के भाई राशिद ने पुलिस को बताया कि गांव के ही शौकीन के साथ करीब एक माह पहले उसके भाई साजिद की कहासुनी हो गई थी। इसपर वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। 14 सितंबर की रात को साजिद लंढौरा से अपनी दुकान का सामान लेकर लौट रहा था। इस दौरान पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी शौकीन, रिजवान, शमशाद, रईस, गुफरान और मुस्लिम ने सोलानी पुल के पास साजिद को रोक लिया और लोहे की रॉड व सरियों से उसकी पिटाई की। इस दौरान फायरिंग भी की गई। वहीं मौके पर पहुंचे उसके दूसरे भाई आरिफ की भी पिटाई की गई। इसके बाद आरोपी साजिद का अपहरण कर गांव में अपने घर ले आए और उसे बंधक बना लिया। राहगीरों के सूचना देने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जिससे उसके भाई की जान बच सकी। आरोप है कि इस दौरान शौकीन पक्ष ने उन्हें झूठे आरोप में फंसाने के लिए अपने पक्ष के एक व्यक्ति के पैर पर गोली भी चलाई। घटना में उसके भाई साजिद और आरिफ घायल हो गए। लक्सर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज गैरोला ने बताया कि तहरीर पर नामजद छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## अवैध चाकू के साथ एक संदिग्ध युवक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में ससंलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 16 सितंबर 2025 को एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस युवक ने अपना नाम गौरव कश्यप पुत्र विनोद कश्यप निवासी ग्राम भोगपुर थाना कोतवाली लक्सर उम्र 20 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल सौदीश कुमार अनिल वर्मा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

## बिना लाइसेंस चल रहे दो मेडिकल स्टोर बंद कराए

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** औषधि और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने लक्सर क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे। निरीक्षण के दौरान दो मेडिकल स्टोरों पर गंभीर अनियमितता मिलने पर उन्हें बंद करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान स्टोर संचालकों में हड़कंप मचा रहा। औषधि निरीक्षक मेघा व उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने लक्सर में छापा मारा। इस दौरान करीब 12 मेडिकल स्टोर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दो मेडिकल स्टोर बिना ड्रग लाइसेंस के संचालित होते मिले। लाइसेंस की बाबत पूछे जाने पर संचालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर दोनों स्टोर को बंद करा दिया गया। औषधि निरीक्षक मेघा ने बताया कि दोनों संचालकों को 15 दिन के भीतर ड्रग लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। लाइसेंस नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनिवार्य उपस्थिति, वैध ड्रग लाइसेंस पर ही दुकान का संचालन करने और नियमों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान विभागीय कर्मचारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पिता के डांटने पर मासूम लापता, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकले छह वर्षीय बच्चे को पुलिस ने ढूंढ निकाला। बच्चे को परिजनों को सौंप दिया गया है। शाहिदवाला ग्रंट निवासी छह वर्षीय बालक को उसके पिता ने किसी बात पर डांट दिया था। इससे नाराज होकर मासूम घर से कहीं चला गया। परिजनों ने आसपास तलाश की लेकिन बच्चे का सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर थाना प्रभारी भगवान मेहर ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर बच्चे की तलाश शुरू कराई। परिजनों से जानकारी लेकर पुलिस ने चारों ओर तलाशी अभियान चलाया। देर रात लगभग 11 बजे बच्चा अपने ही मकान की छत पर छुपा हुआ मिला।

## मैथोडिस्ट कॉलेज की एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी. कॉलेज रुड़की, हरिद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पायल अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड .1(17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025) स्वच्छोत्सव का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता की शपथसे हुई, जिसमें छात्राओं, अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने एवं समाज को स्वच्छ बनाने हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इसके पश्चात् कॉलेज परिसर में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्रबंधिका मिस जे. सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ख्र स्वच्छता केवल परिसर की सफाई तक सीमित नहीं है, यह हमारे जीवन का संस्कार बनना चाहिए। प्रत्येक छात्रा को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वह स्वयं भी स्वच्छता अपनाए तथा समाज को भी इसके लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अमिता श्रीवास्तव ने



कहा कि स्वच्छता अभियान हमें सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी याद दिलाता है। छात्राएँ अपने घर, विद्यालय तथा समाज में स्वच्छता का संदेश पहुँचाएँ और स्वस्थ भारत निर्माण में सहभागी बनें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की तथा परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

## मोदी के जन्मदिन पर झबरेड़ा में लगाई झाड़ू

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन पर ग्राम लाठरदेवा हुण स्थित भगवान श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु की कामना की गई। बाद मे स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पौधारोपण किया गया। ग्राम लाठरदेवा हुण में स्थित भगवान श्री गणेश मंदिर में भाजपाईयो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु की कामना करते हुए मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साफ सफाई के बाद मंदिर प्रांगण में अमरूद व बेलपत्र के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु ने कहा प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल मे देश का चौमुखी विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के चलते भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को चोट पहुंचाने तथा उन्हें समाप्त करने का कार्य जो किया गया है। वह भी पूरी दुनिया द्वारा देखा गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर



मधु झबरेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुबोध सैनी राजपाल सिंह इंद्रेश मोती बृजभूषण बृजपाल संजय चौधरी मुकेश कश्यप पवन तोमर अक्षय सैनी हितेश शर्मा जितेंद्र सिंह आदित्य कुलदीप सैनी नितिन सैनी भागमल आदि उपस्थित रहे।

# तीसरे पक्ष को नकारा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री जोकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं, इशाक डार मंगलवार को आए उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका भारत–पाक युद्ध को रुकवाने में स्वीकार नहीं की थी। गुरुवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने भारत के दृष्टिकोण को पूरी तरह यह कहकर साफ किया कि कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भी यह साफ कर दिया है कि भारत–पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। हालांकि उन्होंने सीधे किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि उनका इशारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर था, जिन्हें अब खुद भी मालूम नहीं है कि कितनी बार उन्होंने भारत–पाक युद्ध रुकवाने की बात कही है और अभी भी वह अपने बयान पर कायम दिखते हैं। जाहिर है इशाक डार के बयान के बाद अब ट्रम्प के बयान का कोई मतलब नहीं रह गया। क्योंकि उन्होंने साफ कह दिया कि भारत ने संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार्य कर दी है। इशाक डार ने अपने बयान में यह कहकर स्थिति स्पष्ट की कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मई में भारत–पाक के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह भारत–पाक दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्‌दा है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगन नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि यह द्विपक्षीय मुद्‌दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता। राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है और आज का भारत दुश्मन की आंखों में आंख डालकर जवाब देने के लिए सक्षम है। जाहिर है अब इन तमाम अटकलों पर विराम लग जाना चाहिए कि यह युद्ध किस प्रकार रुका था। भारत कहता रहा है कि यह दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर की बात से ही पूरा मामला हल हुआ था और अब पाकिस्तान ने भी मान लिया। इशाक डार से ऐसा संकेत मिलता है कि पाक ने जरूर अमेरिकी से इस मामले में हस्तक्षेप के लिए कहा था और अमेरिका ने कोशिश भी की थी, लेकिन भारत ने अमेरिका की एक नहीं सुनी और तीसरे देश की मध्यस्थता से साफ इन्कार कर दिया। असल में डोनाल्ड ट्रम्प संघर्ष विराम कराने के नाम पर तीसरा पक्ष बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। वह यह भूल रहे हैं कि यह भारत की नीतिगत रणनीति के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि भारत का हमेशा से मानना रहा है कि भारत–पाक के बीच जो भी मामला है वह द्विपक्षीय आधार पर ही सुलझाया जाएगा। तीसरे अन्य किसी देश की मध्यस्थता के लिए उसमें किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है।

## कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता



कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया, अब तो खुद पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था, अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं।

**–राजनाथ सिंह , रक्षा मंत्री**

# इजरायल: विश्व शांति के लिए खतरा





तनवीर जाफरी

गत 9 सितंबर को दोपहर बाद इसराइल के 15 फाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड–ऑफ मिसाइलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इसराइल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर कतर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाकों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे। इस हमले में 40 से ज्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इसराइली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें खलील अल–हय्या का बेटा और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। कतर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसराइल के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जबकि इसराइल ने अपने लक्ष्य को भेदने की गरज से कतर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद कतर ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, कतर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल–थानी ने कहा कि यह हमला गजा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए कतर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। कतर ने इस हमले को कायराना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करार दिया। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल–अंसारी ने इस हमले को कतर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया।

उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इसराइल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुकसान कम हो। इसराइल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्टूबर 2023 के हमले के लिए जिम्मेदार थे और गजा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इसराइली राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा। इस कदम को इसराइल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो परन्तु हमास नेताओं को लक्षित कर कतर पर किए गए इसराइली हमले को एक अभूतपूर्व कदम के रूप में इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि कतर अमेरिका का प्रमुख सहयोगी और गजा युद्धविराम वार्ता का मध्यस्थ है। कतर में ही अमेरिका का अल–उदईद एयरबेस भी है जहां करीब 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यह एयरबेस इसराइल द्वारा किए गए हमले की जगह से केवल 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसराइल की इस आक्रामक कार्रवाई ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव को और बढ़ा दिया है, और गजा में शांति प्रक्रिया को और जटिल कर दिया है। इस हमले ने मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव को भी कमजोर किया है और तुर्की जैसे अन्य देशों के लिए भी खतरे की आशंका पैदा की है।

इसराइल की इस आक्रामक व उकसाने वाली कार्रवाई की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की है। कतर सरकार ने हमले को आपराधिक हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है । कतर ने अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी उपायों का समर्थन किया। जबकि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात के दौरान कतर में हुए इसराइली हमले की निंदा की। उन्होंने इजराइल के गजा पर नियंत्रण बढ़ाने और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार को भी खारिज किया साथ ही गजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता और द्वि –राष्ट्र समाधान पर जोर दिया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने मिस्र के विदेश मंत्री से मुलाकात में इस हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा यूएन चार्टर का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर इसराइल की ष्आक्रामकताओंष को रोकने की अपील भी की। इसी तरह मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी ने कुवैत के अमीर से फोन पर हुई बातचीत में कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त करते हुए इस हमले को कतर की संप्रभुता पर अस्वीकार्य अतिक्रमण बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। जबकि कुवैत के अमीर, शेख मिशाल अल–अहमद अल–जाबर अल–सबाह ने भी हमले को संप्रभुता पर अतिक्रमण बताया और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने इस हमले को आतंकवादी आक्रामकता बताते हुए कतर के प्रति एकजुटता व्यक्त की और इजराइल को क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति के लिए तत्काल खतरा बताया। ट्यूनीशिया के विदेश मंत्रालय ने भी हमले को कुटिल और दुष्ट हमला करार देते हुए कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की और अरब सुरक्षा को इसराइल के खतरों से बचाने पर जोर दिया। दुनिया के कई देशों ने इस हमले को लेकर सुरक्षा परिषद् की आपात बैठक बुलाने की बात भी की।

अभी कतर के हमले को लेकर दुनिया के अनेक देश अपनी तीखी प्रतिक्रिया दे ही रहे थे कि इसी बीच नेतन्याहू ने यह घोषणा भी कर दी कि गजा के 40 प्रतिशत हिस्से पर इसराइली सुरक्षा बालों का नियंत्रण हो चुका है। साथ ही इसराइली सुरक्षा बालों की ओर से गजा में बचे शेष लोगों से भी गजा छोड़ने को कहा गया है। और इसी के अगले दिन यानी 11 सितंबर को इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से ही स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उन्होंने वेस्ट बैंक के माश्अले अदुमिम निपटान में एक समारोह के दौरान कहा कि फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनेगा और यह जगह हमारी है। यह बयान उस समय दिया गया जब वे एक विवादास्पद निपटान विस्तार समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे थे, जो फिलिस्तीनी क्षेत्र को विभाजित करने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिणपंथी नेतन्याहू पहले भी द्वि राष्ट्र का विरोध करते रहे हैं।

उनका यह ताजा बयान भी फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास माना जा रहा है। नेतन्याहू उस फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से इंकार कर रहे हैं जिसने जर्मन से हिटलर द्वारा निष्कासित इन्हीं यहूदियों को मानवता के नाते अपनी धरती पर पनाह दी। अभी पिछले दिनों फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत सहित 142 देशों द्वारा एक बार फिर मतदान किया गया। फिलिस्तीन के समर्थन में आए इस प्रस्ताव में इसराइल द्वारा की जा रही हिंसा की निंदा की गई साथ ही गजा में इसराइली बस्ती बसाने की योजना को भी समाप्त करने की मांग की गई है। अमेरिका व इसराइल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी परन्तु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फिलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिए ऐसे कुत्सित इसराइली प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल जनविद्रोह: यह तो होना ही था

**सही पूछिए तो राजधानी काठमांडू के सिवा किसी प्रान्त शहर या जिले का नाम भी भारत या अन्य देशों के आम लोग नहीं जानते। आम लोगों को यह भी नहीं पता कि नेपाल 7 अलग अलग प्रांतों में बंटा हुआ कुल 77 जिलों का देश है। इस अनभिज्ञता का कारण यही है कि राजशाही से लेकर गणतांत्रिक सरकारों तक ने केवल राजधानी काठमांडू के विकास व इसके सौंदर्यीकरण पर ही जोर दिया। प्राय: सभी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन काठमांडू में ही हुआ करते थे। वैसे भी काठमांडू की प्रसिद्धि का कारण राजधानी होने के अतिरिक्त वहां का विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर भी है। इसलिए नेपाल का कोई अन्य जिला या शहर न तो विकसित हो पाया न ही प्रसिद्धि प्राप्त कर सका।**

बिहार में दरभंगा–जयनगर के रास्ते 5 वर्ष पूर्व नेपाल जाने का अवसर मिला था। भारत नेपाल के सीमावर्ती नेपाली शहर जनकपुर के बीचोबीच देवी सीता को समर्पित हिन्दू–राजपूत वास्तुकला का एक प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिर एवं ऐतिहासिक स्थल है जिसे राम जानकी मंदिर के नाम से जाना जाता है। मेरे नेपाल प्रवास के उस दौर में जयनगर से लेकर जनकपुर तक की पूरी सड़क पर अधिकांश क्षेत्र में सिर्फ मिटटी पड़ी हुई थी। केवल कहीं कहीं बजरी पड़ी दिखाई देती थी। डामर रोलर और काली सड़कों का तो कहीं दूर तक नामो निशान ही नहीं था। रास्ते में कहीं बस का पहिया जमीन में धंसा दिखाई दे रहा था तो कहीं थ्री व्हीलर उल्टी पड़ी थी। बसों का तो आलम यह था कि टूटे शीशे व खिड़कियां, टूटी कष्टदायक सीटें,गोया कबाड़खाने से लाकर बसें चलाई जा रही हों। जनकपुर जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल व पर्यटन नगरी की शहर की सड़कों में गड्ढे, बदबूदार और रुकी हुई नालियां, शहर में खाने पीने का उपयुक्त होटल नहीं। जिस होटल में ठहरना हुआ उस होटल के प्रबंधक ने दोपहर करीब 12 बजे होटल में पहुंचने पर पहले ही बता दिया कि लाइट नहीं आ रही है रात 8 बजे आएगी, रूम बुक कराना हो तो कराइए वरना तशरीफ ले जाइए। जब होटल प्रबंधक से नेपाल की इस दुर्दशा के बारे में पूछा तो उसने एक ही बात कही। भ्रष्टाचार तो भारत में भी है परन्तु वहां 50 प्रतिशत खाकर 50 प्रतिशत तो लगा ही देते होंगे, मगर हमारे नेपाल में तो 90 प्रतिशत खा जाते हैं केवल 10 प्रतिशत ही किसी योजना में लगाते हैं।श उसी दिन यह एहसास हो गया था कि एक न एक दिन पानी सिर से ऊपर होगा और आज नहीं तो कल इसी नेपाल में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह जरूर पनपेगा।

खैर, नेपाल में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद, आर्थिक असमानता, युवा बेरोजगारी के विरुद्ध आखिरकार जनविद्रोह फूट ही पड़ा। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध यानी युवाओं की सत्ता विरोधी आवाज को दबाने का सरकारी प्रयास इस हिंसक जनविद्रोह का बहाना बना। 8 सितम्बर 2025 को शुरू हुए इस जनविद्रोह में राजधानी काठमांडू सहित नेपाल के अन्य प्रमुख शहरों में हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की, जो जल्दी ही हिंसक हो गई। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी काठमांडू स्थित संसद भवन,सरकारी प्रशासनिक मुख्यालय, सिंह दरबार, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रालयों और संसदीय कार्यालयों के परिसर, सुप्रीम कोर्ट भवन, राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के निवास, नेपाली कांग्रेस पार्टी मुख्यालय, कम्युनिस्ट पार्टी मुख्यालय, निवर्तमान प्रधानमंत्री ओली के पार्टी मुख्यालय, 5 सितारा हिल्टन होटल, नेपाल के सबसे बड़े मीडिया समूह कांतिपुर मीडिया हाउस, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय भवन, तथा प्रांतीय विधानसभा भवन जैसी प्रमुख इमारतों को आग के हवाले कर दिया। काठमांडू की इन इमारतों के अलावा भी देशभर में अनेक सरकारी कार्यालयों, पुलिस स्टेशनों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया। इस दौरान त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद रहा और गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को भी क्षति पहुंची। इन्हीं हिंसक वारदातों में मृतकों की संख्या 51 पार कर गई। इनमें 21 प्रदर्शनकारी, नौ कैदी, तीन पुलिस अधिकारी और 18 अन्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। सेना को कर्फ्यू लगाकर सड़कों पर तैनात किया गया। कई मंत्रियों व उद्योगपतियों के घर कार्यालय व संस्थान आग के हवाले कर दिए गए। नेपाल में चले इन विरोध प्रदर्शनों के बाद आंदोलनकारियों की सहमति से सुशीला कार्की को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

इस आंदोलन की आग में भी शातिर राजनीतिज्ञ अपनी अपनी रोटियां सेकने की कोशिश करते दिखाई दिए। जहां तक राजनैतिक विश्लेषकों का सवाल है तो कोई इसे हिन्दू राष्ट्र का पक्षधर जन विद्रोह साबित करना चाह रहा है तो कोई इसे राजशाही की वापसी का संकेत बता रहा है। कोई इसमें अमेरिकी षड्यंत्र की गंध महसूस कर रहा है तो कोई इसे चीनी साजिश महसूस कर रहा है। परन्तु हकीकत यही है कि चाहे वह नेपाल में 240 वर्षों की पुरानी शाह वंश की राजशाही परंपरा रही हो या उसके बाद 28 मई, 2008 को स्थापित हुआ 17 वर्ष पुराना गणतंत्र। किसी भी दौर में नेपाल के समग्र विकास पर कोई भी काम नहीं हुआ। **–निर्मल रानी**

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विकलांगजन समावेशी कानून



भारत में विकलांगजन के लिए कानून बनने के बाद उनके समावेश की बात होने लगी। समावेश का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगजन भी गैर–विकलांगों की तरह रोजमर्रा की गतिविधियों और जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से पूरी तरह भाग ले सकें। इसमें समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी की राह में आने वाली सभी बाधाएं दूर करते हुए उन्हें बाधामुक्त वातावरण एवं सुगमता उपलब्ध कराना, भागीदारी के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि समाज, समुदाय या संगठन में पर्याप्त विकलांग–हितैषी दृष्टिकोण, नीतियां और प्रथाएं लागू हों। सफल समावेश उसे कहा जा सकता है जिसकी बदौलत जीवन की सामाजिक रूप से अपेक्षित भूमिकाओं और गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़े। यह समावेश संपूर्ण समाज का कार्य है।

वर्तमान में विकलांगजन के हित में की जाने वाली बातें और कार्रवाई मुख्य रूप से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के संधि पत्र UNCRPD की रोशनी में की जाती है। यह मौजूदा मानव अधिकारों को विकलांग व्यक्तियों की जीवन स्थितियों से जोड़ने वाला सार्वभौमिक दस्तावेज है। इस संधि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की संख्या 200 से कुछ ही कम है जिनमें से भारत भी एक है। UNCRPD एक तरह से विकलांगजन के हित में कार्य करने के लिए दुनिया के अधिकांश देशों के लिए एक साझा मार्गदर्शिका है। भारत सहित अधिकांश देशों में इसी के आधार पर विकलांगता सम्बंधी कानून, नीतियां और योजनाएं तैयार कर उन पर अमल करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अनुसार, हविकलांग व्यक्तियों में वे लोग शामिल हैं जिन्हें ऐसी दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षतियां हुई हैं, जो विभिन्न बाधाओं के कारण समाज में दूसरों के साथ समानता से उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। इस प्रकार विकलांगता उन क्षतियों और बाधाओं के मेलजोल से निर्मित होती है जिनका सामना प्रभावित व्यक्ति को करना होता है। बाधाओं का अर्थ सिर्फ भौतिक बाधाओं के रूप में लगाया जाना गलत है। इसमें दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं भी शामिल होती हैं जिनकी तरफ न के बराबर ध्यान दिया जाता है। विकलांगजन के समावेश के लिए इन दोनों प्रकार की बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। जीवन का कोई भी क्षेत्र केवल भौतिक बाधाओं के ही हटने पर सुगम्य नहीं हो सकता। इसके लिए दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाओं का हटना भी उतना ही जरूरी है। सच तो यह है कि सुगम्यता और समावेश की राह में आने वाली भौतिक बाधाओं का मूल कारण ही विकलांगजन के प्रति समाज के दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं हैं। दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं पूर्वाग्रह और विचार–पद्धतियां हैं जो विकलांग व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देती हैं। उन्हें जरूरतमंद और असमर्थ बताना गलत है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे समाज का एक अंग होते हैं। गहराई से देखने पर यह मालूम पड़ता है कि विकलांग व्यक्तियों को अपनी क्षति के कारण उतनी असुविधाओं और बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता जितना अपने प्रति समाज के दृष्टिकोण के कारण करना पड़ता है। उनके प्रति अन्य व्यक्तियों, समुदाय, समाज और संगठनों का यह उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण वास्तव में वह बाधा है जो भौतिक बाधाओं से कहीं ज्यादा गंभीर होता है। जहां ऐसी स्थिति होती है वहां एक तरह से समाज ही उन्हें विकलांग बनाता है। बाधामुक्त वातावरण में केवल चलने–फिरने सम्बंधी विकलांगता के कारण व्हीलचेयर, बैसाखी वगैरह सहायक उपकरण इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के लिए रैंप, चौड़े दरवाजे और सुगम्य शौचालय की व्यवस्था करना ही शामिल नहीं है। इसमें दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, बहु–विकलांग व्यक्तियों और यहां तक कि बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करना भी शामिल है। इनके अलावा और भी विकलांगताएं होती हैंय भारत में विकलांगजन के लिए बनाए गए पहले कानून में सात विकलांगताएं परिभाषित कर शामिल की गई थी जिनकी संख्या वर्तमान में लागू दूसरे कानून में इक्कीस कर दी गई है। बाधामुक्त वातावरण में विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करने की यह जरूरत सभी सेवाओं, अवसरों, सार्वजनिक स्थलों, यातायात, आयोजनों, सूचना सामग्री, शिक्षा प्रणाली, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल, मनोरंजन आदि सभी क्षेत्रों में लागू होती हैं ताकि विभिन्न विकलांगताओं वाले व्यक्ति जानकारी प्राप्त कर सकें और निर्बाध भागीदारी कर सकें। शिक्षा और प्रशिक्षण की कमी के चलते भारत में बड़ी संख्या में ऐसे विकलांग व्यक्ति हैं जो सूचनाओं, जानकारी और विभिन्न उपायों, जैसे ब्रेल लिपि, दृश्य संकेत, सांकेतिक भाषा वगैरह का लाभ नहीं ले पाते हैं। इसलिए उनकी सहायता के लिए जगह–जगह संवेदनशील एवं प्रशिक्षित व्यक्ति होने चाहिए। चलने–फिरने और हाथों का इस्तेमाल करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए भी इस तरह की व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। यह एक सच्चाई है कि भारत में विकलांगता के सामाजिक पहलू पर न के बराबर ध्यान दिया जाता है और इसे विशुद्ध रूप से एक चिकित्सीय विषय माना जाता है। शिक्षा की कमी, विकलांगता के बारे में सही जानकारी का अभाव और गलत धारणाओं की व्यापकता के कारण देश में दृष्टिकोण सम्बंधी बाधा एक बहुत बड़ी समस्या है। स्थिति इतनी खराब है कि वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी यह माना जाता है कि विकलांगता विकलांग व्यक्ति और उसके परिजनों के पूर्वजन्म के कर्मों का फल है जो उन्हें भोगना ही होगा। यह सोचकर समाज खुद को विकलांग व्यक्ति और उसके परिवार से दूर कर लेता है और यह मान लेता है कि प्रभावित व्यक्ति या परिवार के प्रति उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। नतीजतन विकलांग व्यक्ति की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके परिवार पर छोड़ दी जाती है। उसे कोई सामाजिक सहायता या सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पाती है। शिक्षा की कमी और गरीबी समस्या को और बढ़ा देती है।

देश में विकलांगजन के लिए कानून बहुत देर से आने का मुख्य कारण संवेदनशीलता की कमी ही है और यह कमी कानून के अमल में भी साफ देखी जा सकती है। न तो देश में विकलांगजन–हितैषी वातावरण बन सका है, न ही उनकी जरूरतों के मान से पर्याप्त नीति निर्माण और नियोजन हो रहा है और न ही कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। संवेदनशीलता की कमी दूर करना पहली प्राथमिकता मानकर इसके लिए विशेष अभियानों के माध्यम से संपूर्ण समाज को विकलांगता की सामाजिक और मानवाधिकार–आधारित समझ के बारे में जागरूक किया जाना जरूरी है। विकलांगजन के समावेश पर राजनैतिक और शासन के स्तर पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत में यह विशेष रूप से जरूरी है क्योंकि बदकिस्मती से यहां सामाजिक बदलाव का कार्य भी राज्य को करना पड़ता है। **–साभार सुबोध जोशी**

**स्रोत फीचर्स**

## हैप्पी बर्थ-डे डियर मोदी...

# मैरी ने गाकर, मेसी ने जर्सी भेजकर, ट्रम्प, पुतिन, मेलोनी संग दी बधाई

## 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी



**मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे, सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबालर लियोनेल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। वहीं हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया। इसके साथ ही इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन इजराइली पीएम नेतन्याहू, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे। सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसम्बर को मुंबई और 15 दिसम्बर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में उनकी पीएम मोदी से मुलाकात भी हो सकती है। मेसी आखिरी बार 2011 में भारत आए थे।



**सबसे पहले** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मोदी को मंगलवार रात 10:53 बजे फोन कर विश किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर पीएम से बातचीत की जानकारी दी। ट्रम्प ने लिखा कि अभी-अभी मेरे दोस्त, नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। ट्रम्प की बधाई का जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प। आपकी तरह, मैं भी हमारे बीच की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।



**ब्रिटेन के पूर्व पीएम:** ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई देना मेरे लिए खुशी की बात है। मुश्किल समय में हमें अच्छे दोस्तों की जरूरत होती है, और मोदी जी मेरे और ब्रिटेन के लिए हमेशा अच्छे दोस्त रहे हैं। हाल ही का इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज इसका उदाहरण है। एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, यह रिश्ता मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।



**इटली पीएम:** जार्जिया मेलोनी ने कहा कि भारतीय पीएम को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, आपका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की क्षमता प्रेरणादायक है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं आपके सेहत की कामना करती हूं ताकि आप भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।



**रूसी राष्ट्रपति:** व्लादिमीर पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी एक संदेश में लिखा कि प्रिय प्रधानमंत्री जी, 75वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई। आपने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

**इजराइली पीएम:** बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मेरे अच्छे दोस्त नरेंद्र, मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा, क्योंकि हमें अपनी साझेदारी और अपनी दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जाना है। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त।

**न्यूजीलैंड पीएम:** क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि नमस्ते, माय गुड फ्रेंड प्राइम-मिनिस्टर, मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर बधाई। यह अवसर आपके नेतृत्व की सराहना करने का है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा है। मैं न्यूजीलैंड और भारत के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।



जम्मू। दशहरा उत्सव की तैयारियों के तहत रावण का पुतला बनाते लोग।

## टैरिफ लगने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत

**वाशिंगटन।** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद दोनों की पहली बातचीत भारत पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत है। टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इस तरह, अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत लगाया गया है।

## जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई।

माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इन्कार करता है। वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी कहता सुनाई दिया कि

**■ बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना**

दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजाहिदीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया। इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इन्कार करता है।

### संक्षिप्त समाचार

## इजरायल के तेल अवीव हवाई अड्डे पर हमला किया: हूती

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजरायल के तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डों पर हमलों का दावा किया है। हूती ने एक बयान में कहा कि उसने तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डे पर हमले किए हैं, जबकि इज़रायल ने समूह के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर होदेदाह पर दिन में हवाई हमले किए थे। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि एक बैलिस्टिक मिसाइल ने दक्षिणी तेल अवीव में एक 'संवेदनशील स्थल' को निशाना बनाया और एक ड्रोन ने ऐलात के रामोन हवाई अड्डे को निशाना बनाया।

## अफगान में इंजेक्शन से चेहरा सुंदर बनवा रहीं महिलाएं

**ढाका।** अफगानिस्तान में तालिबान के कट्टर शासन के बावजूद महिलाओं के बीच कास्मेटिक सर्जरी का कल्चर तेजी से पापुलर हुआ है। यहां, करीब 20 क्लिनिक बोटाक्स (झुर्रियों को कम करने के लिए इंजेक्शन), फेसलिफ्ट (ढीली त्वचा को टाइट करने के लिए) और हेयर ट्रांसप्लांट जैसी सेवाएं दे रहे हैं। इन क्लिनिक में पुरुष और महिलाएं दोनों आते हैं। पुरुष ज्यादातर गंजेपन का इलाज करवाते हैं, जबकि महिलाएं, जो आमतौर पर बुर्का में होती हैं, फेसलिफ्ट और अन्य सर्जरी करवा रही हैं।

## अमेरिका खुलेआम रिश्वत लेता है: पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर इजरायल से खुलेआम रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होंने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है।

जबकि अमेरिकी ब्यूरोक्रेसी और डिफेंस अधिकारियों को इजरायल की लाबी खुलेआम फाइनेंस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे रिश्वत लेनी पड़े, तो वो पीछे के कमरे में चुपचाप ऐसा काम करेंगे। उनके इस बयान पर टीवी एंकर ने कहा कि आपका यह बयान वायरल हो जाएगा। इसपर रक्षा मंत्री ने कहा मुझे डर नहीं है। हम अगर



खुलेआम रिश्वत लेंगे तो टीवी वाले प्रोग्राम बना देंगे। ख्वाजा आसिफ जिस इजरायली लाबी की बात कर रहे हैं, उस तरह की लाबी पर पाकिस्तान भी करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन के आने के बाद से पाकिस्तान ने साल 2025 के पहले आठ महीनों में ही अमेरिका में कम से कम सात लाबिंग और कानूनी फर्मों के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है।

## ब्रिटिश शाही महल में ट्रम्प का भव्य स्वागत

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया मंगलवार रात ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे। विंडसर कैसल (शाही महल) में पहुंचने पर प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन उनकी अगवानी की। इसके बाद ट्रम्प ने शाही महल में किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला से मुलाकात की। ट्रम्प किंग चार्ल्स के उनकी स्पेशल सोने की बग्घी में घूमने निकले, वहीं मेलानिया क्वीन कैमिला के साथ एक अन्य बग्घी में सवार थीं। ट्रम्प के सम्मान में संट जार्ज हाल में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। अमेरिका राष्ट्रपति इसके क्वीन एलिजाबेथ की कब्र पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

# वैंकूवर दूतावास घेरने की साजिश

## भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

**वैंकूवर।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है। इस संबंध में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर

**भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित करने की अपील भी की गई है**

निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। इस संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितम्बर 2023 को तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व प्रधानमंत्री के बयान के करीब दो साल बाद सितम्बर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन-एसएफजे ने कहा कि दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंद्रजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे। खबर लिखे जाने तक इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत

**वाशिंगटन।** मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फार्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक-खनिज संकेत दर्ज किए हैं। इन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है।

# अमेरिका जापान से टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाए: चीन

## कहा: सिस्टम से इलाके की सुरक्षा को खतरा, इस पर 200 किमी तक मार करने वाली मिसाइल तैनात

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से जापान में तैनात अपनी मिड रेंज का टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाने की मांग की है। चीन ने कहा कि ये तैनाती इलाके की रणनीतिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन की गंभीर आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका और जापान ने जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के नाम पर टाइफून मिसाइल प्रणाली की तैनाती जारी रखी है।

जमीन से लॉन्च होने वाला यह हथियार टामहाक मिसाइलें दाग सकता है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर तक है। यानी यह दक्षिण चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और यहां तक कि दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों को भी निशाने पर ले सकता है। लिन जियान ने कहा: एशियाई देशों में टाइफून



**एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा: लिन जियान**

मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा है। यह क्षेत्र में हथियारों की दौड़ और सैन्य टकराव के खतरे को बढ़ाती है और रणनीतिक सुरक्षा पर गंभीर असर डालती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान को दूसरे देशों की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान में इस मिसाइल सिस्टम की तैनाती खासतौर से जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज रेजोल्यूट ड्रैगन के लिए है, जो 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चल रहा है। इस एक्सरसाइज में 19000 से ज्यादा अमेरिकी और जापानी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ताइवान, सेनकाकू द्वीप और पूर्वी चीन सागर में तनाव के बीच यह एक्सरसाइज अमेरिका-जापान गठबंधन की ताकत दिखाने के लिए है। हाल ही में चीन के नए एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन को जापान के पास देखा गया था, जिससे जापान की सुरक्षा चिंता बढ़ी है।

## जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाक टीम

**लाहौर।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया।

बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था। संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्ईय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने

**■ अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया**

दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनको 15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया।

## रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग लेंगे: पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि ज़ापद-2025 के नाम से पहचाने जाने वाले रूस-बेलारूस संयुक्त सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग ले रहे हैं। रूस के निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में मुलिनो प्रशिक्षण मैदान का दौरा करते हुए पुतिन ने कहा कि यह अभ्यास 41 प्रशिक्षण मैदानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक लाख सैनिक और लगभग 10 हजार हथियार और उपकरण प्रणालियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों में 333 विमान और 247 से अधिक पोत शामिल हैं।

# जॉर्जिया: पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

## खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशियों जैसा बर्ताव

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय है, खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव हो रहा है। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया। भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल (/चंजमसकीतनअमम) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा। पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे। यात्रियों को सड़क किनारे 'मवेशियों' की तरह बैठा कर रखा गया। जॉर्जिया की इस चिंताजनक घटना को लेकर भारतीय महिला ध्रुवी यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यात्रियों के वीडियो इस तरीके से रिकॉर्ड किए जैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। जब पर्यटकों के समूह में शामिल किसी ने वीडियो बनाने की पहल की तो उन्हें रिकॉर्डिंग करने से रोका गया। उन्होंने कहा दस्तावेजों की ठीक से जांच किए बिना वीजा को 'गलत' कहकर अपमानजनक व्यवहार किया गया। जॉर्जिया में मिले दर्दनाक अनुभवों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा करने वाली भारतीय महिला ध्रुवी पटेल ने इंसाफ की आस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा कि भारत को इस मामले में कड़ा रुख अपनाना चाहिए।



**■ हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया**

